>

Title: Discussion regarding impact of climate change.

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी (वाराणसी):** सभापति महोदय, मैं जलवायु में परिवर्तन के प्रभाव के बारे में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। वैसे तो सारे विश्व में ही पर्यावरण गर्म हो रहा है। उसका असर आज यहां सदन में भी दिखाई दिया। यह बहुत खतरे की बात है, जैसे कि दुनिया का पर्यावरण गर्म होने पर काफी संकट है। अगर सदन में भी इसी तरह से गर्मी बढ़ती रहेगी तो जनतंत्र के लिए संकट खड़ा हो जाएगा। मेरा अनुरोध है कि इस पर्यावरण के मामले पर बहुत गंभीरता से विचार करें। पर्यावरण के संबंध में कुछ तो शॉर्ट-टर्म सवाल हैं और कुछ लौंग-टर्म सवाल हैं। पर्यावरण के कुछ शॉर्ट-डयूरेशन इफैक्ट्स हैं और कुछ लौंग-डयूरेशन इफैक्ट्स हैं। लौंग-डयूरेशन इफैक्ट्स शॉर्ट-डयूरेशन इफैक्ट्स से कहीं ज्यादा गंभीर हैं। उनकी चर्चा मैं बाद में करूंगा। पहली बात तो इस ह्यूमन डवलपमेंट रिपोर्ट 2007-08 की शुरुआत में ही कहा गया है कि दुनिया गर्म हो रही है। यह संदेह किया जा रहा है कि जिस रफ्तार से विश्व का तापमान बढ़ रहा है, यदि उसको नियंत्रित नहीं किया गया तो यह भी संभावना है कि 2100 के अंत तक अर्थात् इस शताब्दी के अंत तक 5 डिग्री से भी ज्यादा तापमान आगे बढ़ सकता है। कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि शायद 9 डिग्री तक भी तापमान चला जाए। 5 डिग्री तक तापमान के जाने की संभावनाएं तो बहुत लोग करते हैं लेकिन कुछ वैज्ञानिकों ने अभी जो नये एमआईटी के रिसर्चर आए हैं, उन्होंने बताया है कि शायद यह 9 डिग्री तक चला जाए और यह केवल 21 वीं शताब्दी का ही सवाल नहीं है, 22वीं और 23वीं शताब्दी में भी इसके असर होंगे। उसका एक कारण यह है कि आज जो कुछ हो रहा है, आज से डेढ़ सौ या दो सौ साल पहले जो कुछ हुआ था, यह उसका असर है। जब पहला स्टीम इंजन बना और जब पहला थर्मल पॉवर प्लांट बना, उससे जो आसमान में कार्बनडाइऑक्साइड के कण गये, उनको आज भी पाया जा रहा है। इसका अर्थ है कि जो आज हम कर रहे हैं, उसका असर डेढ़ सौ या दो सौ वर्ष तक रहेगा और जो कल करेंगे, उसका असर और भी ज्यादा रहेगा। इसलिए बहुत विचारणीय बात है कि यह जो हम इस पर्यावरण के संबंध में अपने निष्कर्ष निकालेंगे, वह इस बात को ध्यान में रखकर करना चाहिए। अभी बताया जा रहा है कि अगर औसत तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ गया तो उसके बहुत ज्यादा खतरनाक परिणाम होंगे। सबसे बड़ी बात तो यह है कि कैटैस्ट्रॉफी इम्पैक्ट्स होने लगेंगे। किसी को पता ही नहीं लगेगा। अभी तो कुछ चीजें ज्ञात हैं लेकिन पर्यावरण के मामले में तब अज्ञात होने लग जाएंगी, पता ही नहीं चलेगा। उसका कारण यह है कि माडलिंग के जितने हमारे तरीके हैं, वे तरीके आज की विशेष परिस्थिति को सामने रखकर बनाये गये हैं। लेकिन अगर उसमें कुछ और अधिक अज्ञात तत्व आ गये तो फिर उसका निदान करना और भी कठिन होगा। इसलिए यह कहा जाता है कि यह जो तीन आईपीसीसी की रिपोर्ट थीं और इसमें जो तीन सिनेरियो बताये गये हैं, उसमें यह कहा गया है कि शायद 5 डिग्री से अधिक तापमान के जाने के चांसेज 50 प्रतिशत से भी अधिक हैं। यह उम्मीद की जा सकती है कि 5 डिग्री से अधिक तापमान जा सकता है। यह बहुत खतरनाक बात है क्योंकि आपको पता ही नहीं है कि तापमान 3 डिग्री जाएगा या 5 डिग्री जाएगा। जैसा मैंने आपको बताया कि अभी जो इमीशंस हैं जिनके बारे में चिंता की जा रही है, किसी एक स्तर पर हमें उनको कायम करना है कि इसको कहीं रोका जाए और कैसे रोका जाए और कौन चीजें हैं जो इस तापमान को बढ़ा रही हैं। इस तापमान को बढ़ाने की सबसे बड़ी एजेंसी एनर्जी है, ऊर्जा है। तापमान को बढ़ाने में एनर्जी का 25 परसेंट, लैंड यूज और फॉरेस्टरी के अंदर अदल-बदल करें तो आठ परसेंट, एग्रीकल्चर का छः परसेंट, इंडस्ट्रियल प्रॉसेस का डेढ़ या दो परसेंट और वेस्ट का डेढ़ परसेंट कन्ट्रीब्यूशन है। आप इंडस्ट्रियल एनर्जी को डेढ़ समझ रहे हैं लेकिन इसमें ऊर्जा का ज्यादातर हिस्सा इंडस्ट्री के साथ है। ऊर्जा में कौन सबसे ज्यादा कन्ट्रीब्यूट कर रहा है? इसमें पुरानी इंडस्ट्रियलाइज्ड कंट्रीज, जिनका 200 साल से औद्योगिकीकरण हो चुका है, वे इसमें सबसे अधिक कंट्रीब्यूशन कर रही हैं। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं, यूनाइटेड किंगडम की जनसंख्या केवल छः करोड़ है, यह इजिप्ट, नाइजीरिया, पाकिस्तान और वियतनाम, जिनकी संख्या 47 करोड़ है, से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड दे रहा है, ये अकेला देश दे रहा है। नीदरलैण्ड, बोलिवीया, कोलम्बिया, पेरु, युरुग्वे और सैंट्रल अमरीका के साथ छोटे देशों की तुलना में अकेला ही सबसे ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड दे रहा है। टेक्सास, अमरीका की एक स्टेट है, इसकी पापुलेशन दो करोड़ है, यह 700 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड पैदा कर रही है। इस तरह से ये अकेली एक स्टेट सारे यूएसए का 12 परसेंट कार्बन डाइऑक्साइड दे रही है। यह अफ्रीका और सब-सहारन रीज़न, जिनकी जनसंख्या 72 करोड़ है, से ज्यादा है। न्यूयार्क में 19 मिलियन आदमी रहते हैं और 50 लीस्ट डेवलपमेंट कंट्रीज, जिनकी जनसंख्या 74 करोड़ है एक अकेला न्यूयार्क शहर उनसे ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड दे रहा है। अब आप समझ लीजिए कि सबसे ज्यादा तापमान बढ़ाने या पर्यावरण में परिवर्तन लाने का काम इन धनी देशों का है। आप देखें कि आज स्थिति यह हो गई है कि 1.6 बिलियन यानी 160 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनमें 70 करोड़ लोग साउथ एशिया और सब-सहारन रीज़न में रहते हैं उनके पास एनर्जी नहीं है, बिजली नहीं है। ईस्ट एशिया में 22 करोड़ लोग रहते हैं। सब-सहारन अफ्रीका में 54 करोड़ लोग बिना ऊर्जा के रहते हैं। यह स्थिति ऊर्जा डिस्ट्रीब्यूशन की है। अब आप देखें कि कि कितने लोगों के पास बिजली का अभाव है, बिजली नहीं है। The number of people in India living without access to electricity is around 500 million. हमें यहां हमेशा रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन के आंकड़े मिलते हैं कि इतने गांवों में बिजली पहुंच गई। आप बिजली का मतलब यह समझते हैं कि तार लग गए और खंभे लग गए, तब तो जरूर मिल गई। लेकिन बिजली मिलती नहीं है। Electricity is not available; energy is not available. आप बार-बार कहते हैं कि ऊर्जा नहीं है तो विकास नहीं होगा। दुनिया में 1.4 बिलियन लोग हैं जिनके पास किसी भी प्रकार की आधुनिक ऊर्जा सेवाएं नहीं हैं। यह दयनीय स्थिति है कि इनमें से छः मिलियन यानी एक चौथाई लोगों के पास बिल्कुल भी ऊर्जा स्रोत नहीं है। लेकिन यह ऊर्जा गई कहां? ये सब उन धनी लोगों ने ली है। दुनिया के आठ-दस बड़े देश हैं और कुल मिलाकर करीब बीस बड़े और छोटे विकसित देश हैं, जिनके पास सारी ऊर्जा है, सारे स्रोत हैं। इन्होंने प्राकृतिक स्रोतों पर कब्जा किया हुआ है इसलिए बाकी देशों में ऊर्जा का अभाव है।

महोदय, अब यह कहा जा रहा है कि ठीक है, ऊर्जा में तो गड़बड़ हो गई, पर्यावरण में विकृति आ गई लेकिन अब इसे ठीक करेंगे। अब ऐसा करते हैं कि आप अपने यहां पेड़ उगाइए, ज्यादा कार्बन पैदा कीजिए ताकि कार्बन डाइऑक्साइड एब्जार्ब हो जाए और हमें कार्बन डाइऑक्साइड बनाने दीजिए। हम आपको पैसा दे देते हैं, आप और पेड़ लगाइए। आप कार्बन डाइऑक्साइड एब्जार्ब कीजिए, आप सिंक बन जाइए और हम कार्बन डाइऑक्साइड पैदा करते हैं। आजकल विकसित देश, कोपनहेगन और इससे पहले के सम्मेलनों में, संस्थाओं के सामने हमारी चिंताओं और समस्याओं को केवल इसी बात पर मूलतः आधारित करते हैं कि हमें ऊर्जा उत्पादन करने दीजिए। हमें अपना उत्पादन करने दीजिए, आप बाजार बने रहिये, हम बिजली पैदा करते रहें, आप उसे खरीदते रहिये। हम कार्बन डाइआक्साइड देते रहें, आप अपने यहां फॉरेस्टेशन करते रहिये। आपको विकास करने की जरूरत नहीं है, वह तो हम कर ही रहे हैं। हमारा विकास और आपका विनाश, ये दोनों साथ-साथ चलते रहेंगे। ये जो आज एक विशेष बात इस पर्यावरण के कारण आकर खड़ी हो गई है, इसे हमें समझने की जरूरत है। यह बहुत खतरनाक चीज है। मैं आपको यह भी कहता हूं कि अगर यह बात सच भी मान ली जाए कि हम अपने यहां ज्यादा फॉरेस्टेशन करके ज्यादा कार्बन डाइआक्साइड एब्जॉर्ब करें तो विज्ञान का विद्यार्थी होने के नाते मैं कह सकता हूं कि कुछ दिनों के बाद जब एक सीमा से अधिक हमारे यहां कार्बन एब्जॉर्पशन हो जायेगा तो फिर इसके बाद लॉ ऑफ डिमिनिशिंग रिटर्न्स होगा। फिर उसकी एब्जॉर्पशन कैपेसिटी कम हो जाती है। फिर वह एब्जॉर्पशन नहीं करेगा। यानी कुछ दिनों तक हमें पैसा दे देंगे, कुछ दिनों तक हमारे यहां कॉर्बन डाइआक्साइड का एब्जॉर्पशन होता रहेगा और उसके बाद हम फिर वही फटेहाल के फटेहाल बने रहेंगे, क्योंकि हमारे पास कोई रास्ता नहीं बचेगा। दरअसल पश्चिम का यह जो डैवलपमैन्टल मॉडल है, यह उसका बहुत बड़ा दुष्परिणाम है।

मुझे याद आता है जब देश आजाद हुआ था, तब महात्मा गांधी से किसी ने यह पूछा था कि अब आप आजाद हो गये हैं तो अंग्रेजों ने जिस तरह से अपना विकास किया है, क्या आप उसी तरह से अपना विकास करेंगे? तब महात्मा गांधी ने बहुत अच्छी बात कही थी, उन्होंने कहा कि आधी दुनिया को लूटकर इंग्लैंड धनी बना है, कितनी दुनियाओं को लूटकर हिंदुस्तान धनी बनेगा। How many planets? आधी दुनिया को लूटकर अगर इंग्लैंड धनी बन सकता है तो इंग्लैंड के मुकाबले उस समय हमारी सात गुनी जनसंख्या थी तो कम से कम हमें साढ़े तीन दुनिया तो लूटनी पड़ेगी। आज जो स्थिति है, वह यह है कि अगर हर आदमी उसी तरह से विकास करना चाहे, यानी वैसा ही कार्बन फुट प्रिंट देना चाहे, जैसा कि डैवलप्ड कंट्रीज दे रहे हैं तो उसके लिए छः दुनिया लूटनी पड़ेंगी। कितनी लूट मचाई जाए, कितने लोगों को गरीब बनाया जाए, कितने सारे प्राकृतिक साधनों को लूटा जाए, कितना इमिशन दुनिया में दिया जाए। छः प्लेनेट्स कहां से लायेंगे, एक दुनिया तो बचानी मुश्किल है। विश्व के अलावा और रिसोर्सेज कहां हैं, उसी की खोज चल रही है। आज चंद्रमा में देखो, क्या मिल रहा है, मंगल में देखो क्या मिल रहा है। अब यह बताया जा रहा है कि और दूसरी दुनिया में जाकर रहिये, वे बहुत अच्छी हैं। वहां बहुत साधन मिलेंगे। जब मिलेंगे, तब मिलेंगे। हम अपनी दुनिया की बात कर रहे हैं। हमें इस दुनिया की बात करनी है, यहां क्या होगा? आने वाले सौ, दो सौ, तीन सौ सालों में क्या होगा, हमारी अगली पीढ़ी के लिए क्या होगा? यह सब कहना बहुत हास्यास्पद है कि आप उसी डैवलपमैन्टल मॉडल से विकास कर सकते हैं।

सभापति जी, मैं मंत्री महोदय और उनके माध्यम से सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि जब तक आपका विकास का यह मॉडल रहेगा, जब तक आप पश्चिमी तरीके से दुनिया का विकास करने के लिए चलेंगे, तब तक पर्यावरण की समस्या हल नहीं होगी। मानव जाति के लिए उसके अस्तित्व की समस्या खड़ी हो जायेगी। आप देखिये सारी दुनिया में आजकल कैसा हाहाकार मचा हुआ है। उस वक्त एक विचित्र स्थिति पैदा होगी। दुनिया के 16 प्रतिशत लोग सारी दुनिया के 80 प्रतिशत संसाधनों पर, सारी दुनिया के उत्पादन पर और सारी दुनिया के उपभोग पर स्वामित्व रखते हैं। पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। आधी दुनिया के पास पीने का पानी नहीं है। यदि ग्लोबल वार्मिंग हुआ तो उससे क्या-क्या चीजें होंगी। उससे हमारे देश और विश्व के अंदर कितनी समस्याएं पैदा होंगी, उसके बारे में मैं आपको संक्षेप में बताना चाहता हूं। पहली बात यह होगी कि यदि तापमान इसी तरह से बढ़ता गया तो ध्रुवों पर जो आइस जमा है, वह पिघल जायेगी। उसके क्या परिणाम होंगे। अब यह कहा जा रहा है कि जितने असैसमैन्ट्स थे, उससे दोगुने, तिगुने सी लैवल का राइज होगा। हमारे मुम्बई का क्या होगा, चेन्नई का क्या होगा, गोवा का क्या होगा, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का क्या होगा, मालदीव्ज का क्या होगा, आइसलैंड का क्या होगा, हमारे पशुओं की प्रजातियों का क्या होगा, खेती का क्या होगा? आज भी कहा जा रहा है कि फूड प्रोडक्शन में कमी हो रही है।

यह कमी अगले 10-20 सालों में 8 से 10 प्रतिशत हो जायेगी। और 2020 तक जाते जाते यह और ज्यादा हो जायेगी। देश की 51 प्रतिशत भूमि इससे प्रभावित होगी। हमारे पास आंकड़े हैं, दृश्य हैं और सैटेलाईट से चित्र आते हैं कि दुनिया की क्या हालत है? दुनिया के कितने हिस्से में रेगिस्तान हो रहा है, कितनी जगहों से वैजिटेशन गायब होता जा रहा है, पशु-पक्षी गायब होते जा रहे हैं, नई नई बीमारियां पैदा हो रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के लोगों का कहना है कि दुनिया में डेंगू और मलेरिया बहुत तेजी से फैलेगा, डेंगू, मलेरिया और कालाज़ार के रोगियों की संख्या और अधिक बढ़ जायेगी तो हमारे भारतवर्ष की क्या हालत होगी? आप दवाईयां नहीं दे सकते हैं, नई नई बीमारियों की दवाइयां इज़ाज करना मुश्किल होगा। आप पेटेंट कानून बनाने जा रहे हैं और जहां बना हुआ है, वहां आप कुछ नहीं कर सकेंगे। फिर आपको कोलोराइज करने की स्कीम चल रही है, उधर आपका कहां ध्यान है? अगर पर्यावरण के इस प्रभाव को नहीं रोका गया तो मुझे डर है कि विश्व के अंदर भयानक विभीषिका खड़ी हो जायेगी, दुनिया में संघर्ष खड़े होंगे, दुनिया के देशों के बीच में संघर्ष खड़े होंगे। एक विचित्र प्रकार की स्थिति विश्व में पैदा होगी। मुझे इस बात का भी खतरा लगता है कि अनाज, वनस्पति और जीव-जन्तुओं की स्पीसिज़ गायब हो जायेंगी। क्योंकि अन्य लोग भी इस पर बोलेंगे अतः मैं कुछ ज्यादा नहीं कहना चाहता। आंकड़े आ रहे हैं जिससे चिन्ता पैदा होती है कि पर्यावरण के कारण मृत्यु ज्यादा होगीं, लोगों के सामने आवास की समस्या आ रही है, रिहैबिलिटेशन की समस्या आ रही है जो सारी दुनिया के सामने एक भयानक विभिषिका पैदा कर रहे हैं।

सभापति जी, माननीय मंत्री जी ने हम सब सांसदों को एक पत्र लिखा जिसमें कहा गया कि भारत को क्या करना है,. भारत का क्या रुख है, उसका खुलासा किया गया है। मुझे खुशी है कि सासंदों को चिट्ठी लिखकर उनके विचार जाने गये। आपने कहा है

> "A shared vision for long term cooperative action including a long term global goal for emission reduction."

कौन मान रहा है? लान्ग टर्म कोआपरेशन को लोग नहीं मान रहे हैं क्योटो प्रौटोकोल को , अमरीका मना करता है तो यह कौन सा लान्ग टर्म ग्लोबल गोल मानने वाला है, यह विश्व की आर्थिक महाशक्ति बना हुआ है जिसके सामने हमने घुटने टेके हुये हैं। हम उससे क्या आशा कर सकते हैं कि लौंग टर्म गोल में हमारा साथ देगा, मुझे इसका यकीन नहीं? मुझे यकीन हो सकता था लेकिन मैंने एक विचित्र बात पिछले दिनों देखी। अमरीका में जब क्लाइमेट पर एक बिल पास हो रहा था तो उस समय एक बड़े प्रसिद्ध व्यक्ति पॉल क्रुगमैन का एक लेख " विट इंग दी क्लाइमेट " पर आया। जब बिल रखा गया तो वह पास हो गया लेकिन जो विरोधी थे, उन्होंने आगे बात कही। उन्हें कितनी प्रशंसा मिली, मैं उस लेख को पूरा नहीं पढ़ूंगा लेकिन कुछ जरूर पढ़ना चाहूंगा। यह जून महीने की बात है।

> "But if you watched the debate on Friday, you did not see people who have thought hard about a crucial issue, and are trying to do the right thing. What you saw, instead, were people who show no sign of being interested in the truth. They don't like the political and policy implications of climate change, so they have decided not to believe in it â€" and they'll grab any argument, no matter how disreputable, that feeds their denial.
>
> Indeed, if there was a defining moment in Friday's debate in America, it was the declaration by Representative Paul Broun of Georgia that climate change is nothing but a "hoax" that has been "perpetrated out of the scientific community."

यह उनकी चिन्ता है और उनको बेहद प्रशंसा मिली, क्रुगर्मेन आगे कहते हैं -

> "I would call this a crazy conspiracy theory, but doing so would actually be unfair to crazy conspiracy

> theorists. After all, to believe that global warming is a hoax you have to believe in a vast cabal consisting of thousands of scientists â€" a cabal so powerful that it has managed to create false records on everything from global temperatures to Arctic sea ice."

अगर यह उनका दृष्टिकोण है तो आगे उनसे क्या आशा करें कि वे किसी भी विकसित देश में और विकासशील देशों में जो पिछले 200 सालों से अपराध करते चले आ रहे हैं, वे उस अपराध की सजा से बचना चाहेंगे, उससे मुक्ति पाना चाहेंगे, प्रायश्चित करना चाहेंगे,

उन पर बिल्कुल भरोसा नहीं किया जा सकता। आगे कहता है कि "Still, is it fair to call climate denial a form of treason? Isn't it politics as usual? Yes, it is – and that's why it is unforgivable. Do you remember the days when Bush Administration officials claimed that terrorism posed an "existential threat" to America, a threat in whose face normal rules no longer apply? That was hyperbole – but the "existential threat" from climate change is all too real." इसमें सारे रूल्स लगने चाहिए। टैरेरिज्म का थ्रैट हो जाए तो सब रूल्स फेंक दो, क्लाइमेट चेंज की विभीषिका आये और सारा विश्व प्रभावित हो जाए, आपके अपराध से प्रभावित हो जाए और इसके लिए हमें दबाया जाए। इसके लिए हमसे कहा जाए कि आप मिशंस कम कीजिए, इसके लिए हमसे कहा जाए कि आप अपनी विकास की रफ्तार को कम कीजिए। ये गहरे सवाल हैं और इसके ऊपर आपको बहुत चिंता के साथ बात करनी होगी। मेरा अपना ख्याल है कि हमें कोपनहेगन में इस बारे में बहुत डटकर अपनी बातें कहनी होंगी। अगर हम वहां दबे, अगर हम वहां थोड़े से भी झुके तो हम अपनी आगे आने वाली पीढ़ियों का जीवन नष्ट करेंगे। हम अपनी आगे आने वाली पीढ़ियों के अपराधी होंगे, जैसे आज भी हैं। इन 60 सालों में भी हमने जो कुछ किया है, जिस रास्ते पर हम देश के विकास को ले गये हैं, भले ही हमारा इमिशन बहुत कम है, इसमें कोई शक नहीं है, लेकिन फिर भी हम अभी बचे हुए हैं। अगर आपने इस रास्ते को तेजी से पकड़ा तो जरा विचार कीजिए कि अगर इस देश का हर व्यक्ति उतना ही एमीशन करने लगे, जितना अमेरिकन प्रति व्यक्ति कर रहा है, वह हमसे 16-17 गुणा अधिक कर रहा है तो दुनिया की क्या हालत होगी, हमारी क्या हालत होगी? अगर अकेला बांग्लादेश ही उतना करने लग जाए तो क्या हालत होगी? क्या विकास का यह मॉडल सस्टेनिबल कंजंप्शन दे सकता है, क्या यह सब लोगों को डिग्नीफाइड जीवन दे सकता है, क्या यह सब लोगों को रोटी, कपड़ा, मकान, पानी, दवाई आदि दे सकता है? अगर सिर्फ 16 परसेंट लोग आज सारी दुनिया के साधनों पर हावी हों, अगर दो बिलियन लोग दो डॉलर के ऊपर भी प्रतिदिन गुजारा नहीं कर पा रहे हों तो यह विकास का मॉडल हमें कहां ले जाएगा? मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इसके बारे में आप बहुत गंभीरता से विचार करें। हमारे विज्ञान के कुछ लोगों की अभी कांफ्रेंसिज हुई थीं, उसमें विचार हुआ कि इसे आम जनता को कैसे समझाया जाए? उसने बहुत अच्छी बात कही। ये हैं मिस्टर जॉन रूकस्ट्रम, जो हमारे स्टॉकहोम एनवायरमेंटल इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष हैं। वे कहते हैं, "The financial crisis happened because we allowed housing loans way beyond the stock levels that were available. Similarly, we are subsidizing our living standards to a level which the planet cannot afford". जितना आपके बैंक में पैसा नहीं था, उससे ज्यादा वहां आपने हाउसिंग के अंदर लोन दिये। नतीजा आपकी इकोनॉमी कॉलैप्स कर गयी। आप जितना पर्यावरण बर्दाश्त कर सकता है, उससे कहीं ज्यादा खर्च कर रहे हैं तो आपका पर्यावरण कॉलैप्स कर जाएगा, आपका जीवन कॉलैप्स कर जाएगा। अगर आप गौर से देखें तो उसी डेवलपमेंटल मॉडल से वहां इकोनॉमिक क्राइसेस आये। उसी कंजप्शन की तरफ जाने से, उपभोक्तावाद के कारण वहां क्राइसिस आयी, अर्थव्यवस्था डूब गयी। उसी उपभोक्तावाद के कारण जलवायु का प्रदूषण शुरू हुआ, यह प्राकृतिक साधनों का निर्बाध शोषण शुरू हुआ। इसका नतीजा हुआ कि आज हमारे सामने पर्यावरण का संकट है, मानवता का संकट है, मानव के अस्तित्व का संकट है। पहली बात सोचने की यह है कि जिस अर्थव्यवस्था ने, जिस टैक्नोलॉजी ने, जिस उत्पादन की व्यवस्था ने, जिस मार्केट सिस्टम ने, मार्केट पर डिपेंडेंस ने आज दोनों तरफ, आर्थिक और क्लाइमेटिक यह हालत पैदा की है। उसके बारे में गहराई से वहां विचार होना चाहिए। The fundamentals of globalisation and Western guidelines to development are flawed. They are wrong. ये ठीक नहीं हैं और वे बदलने चाहिए। मैं आपको बता रहा हूं कि इसके बारे में मैं बहुत पहले से बोलता चला आ रहा हूं। पिछले दिनों मैंने कई स्थानों पर इसके लिए आगाह किया था और मुझे खुशी है कि अब उसे हमारे जो वर्ल्ड बैंक के तत्कालीन अध्यक्ष मिस्टर वोलफंस्टन ने स्वीकार किया है कि यह दुनिया इनबैलेंस हो गयी है। उन्होंने सितम्बर 2003 में वर्ल्ड बैंक के अपने गवर्नस की मीटिंग को संबोधित करते हुए एक बात कही-

"Last week, in Paris, I met youth leaders who represented organisations with more than 120 million members worldwide."

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी (वाराणसी):** श्रीमन् मैं बता रहा था कि श्री वोस्फोंसन ने यह सवाल उठाया था, जब उन्होंने 2003 में दुबई में वर्ल्ड बैंक के गवर्नर्स की कांफ्रेंस को सम्बोधित किया था। तब उन्होंने यह कहा था:

> "Last week, in Paris, I met with youth leaders who represented organizations with more than 120 million members worldwide."

और तब उन्होंने कहा कि इन लोगों ने उनके सामने जो बात कही, वह बड़ी महत्वपूर्ण है।

> "But, they also said, we do not want a future based only on economic considerationsâ€"there must be something more. They challenged us about values and beliefsâ€¦.To respond to them, we must address the fundamental forces shaping our world. In many respects, they are forces that have caused *imbalance.* This world is out of balance."

यह विश्व असंतुलित विश्व है, यह वर्ल्ड बैंक का अध्यक्ष कह रहा है।

> "In our world of six billion people, one billion own 80 percent of global gross domestic product (GDP), while another billion struggle to survive on less than a dollar a day. This is a world completely out of balance."

फिर आगे कहते हैं:

> "Mr. Chairman, it is time to take a cold, hard look at the future. Our planet is not balanced. Too few control too much, and too many have too little to hope forâ€"too much turmoil, too many wars, too much suffering."

फिर आगे कहते हैं:

> "We all share one planet. It is time to restore balance to the way we use it. Let us move forward to fight poverty, to establish equity, and to assure peace for the next generation."

लेकिन वे खुद कह रहे हैं कि 80 परसेंट जी.डी.पी. सारी दुनिया के सिर्फ 16 परसेंट लोग रख रहे हैं। Where is equity? Where is inclusive growth? आपके इस देश में इन्क्लूसिव ग्रोथ कहां है और क्लाइमेट चेंज तो इस इन्क्लूसिविटी को बिल्कुल नष्ट कर देगा, एक्सक्लूसिविटी बढ़ा देगा, अगर यहां सिर्फ 20 परसेंट लोग डैवलप्ड हैं और 80 परसेंट लोग अंडर डैवलप्ड हैं, अनडैवलप्ड हैं। आपकी रिपोर्ट्स ऑफ्टर रिपोर्ट्स कह रही हैं कि बिलो पावर्टी लोगों की संख्या बढ़ रही है, आपके रिसोर्सेज़ घट रहे हैं, आपकी प्रोडक्टिविटी घट रही है तो आप किस दुनिया की बात कर रहे हैं? कौन इक्विटी लाना चाहता है? क्या ये वेस्टर्न कंट्रीज इक्विटी लाना चाहते हैं? क्या ये दुनिया को बराबरी से देखना चाहते हैं? आज कहा जा रहा है कि प्लेनेट के ऊपर जो सारा एटमास्फियर है, वह दुनिया की संपत्ति है। उसे सबको शेयर करना चाहिए। आज तक इन दो सौ सालों में तो सिर्फ आपने शेयर किया है। आपने जो अपराध किए हैं, उसका खामियाजा नहीं भुगतना चाहते, दंडित नहीं होना चाहते। दंडित तो दूर की बात, प्रायश्चित भी नहीं करना चाहते, उल्टा हमें उपदेश देते हैं।

मंत्री जी, मैं आपसे स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि यह जो आज सवाल है, सारी दुनिया के ऊपर सिर्फ जलवायु से संबंधित नहीं है, अपितु यह व्यापक सवाल है। यह डेवलपमेंटल मॉडल का सवाल है, यह टेक्नॉलाजी का सवाल है, यह मार्केट को रिप्लेस करने का सवाल है। क्या मार्केट फोर्सेज सारी दुनिया को चलायेंगे? क्या प्रोडक्शन की टेकनिक्स मार्केट ओरिएंटेड होंगी? आपने अपनी चिट्ठी में लिखा है कि आप चाहते हैं enchanced action on technology development and transfer to support action on mitigation and adaptation. कौन टेक्नॉलाजी आपको देगा? हमारे विदेश मंत्री जी जो पढ़ रहे थे, इसमें उन्होंने कहा है कि जो प्रधानमंत्री जी की अमरीकी राष्ट्रपति महोदय से बातें हुयी हैं। उसमें वह कहते हैं कि Prime Minister and President Obama announced the launch of a Clean Energy and Climate Change Initiative. The Initiative includes cooperation in wind and solar energy, second generation bio-fuels, unconventional gas, energy efficiency and clean coal technologies including carbon capture and storage.

मैं आपसे पूछना चाहता हूं where are the patent laws? ये टेक्नॉलाजी आपको मुफ्त में नहीं देंगे, उसकी कीमत वसूल करेंगे। पहले हमारे यहां पोल्यूशन करेंगे, फिर उस पोल्यूशन को दूर करने के लिए हमें टेक्नॉलाजी दिखायेंगे और उसकी कीमत वसूल करेंगे। इसलिए पहली बात यह है कि we must change the technology. आज की टेक्नॉलाजी हाई एनर्जी, हाई कैपिटल टेक्नॉलाजी है। एनर्जी इसके अंदर सबसे बड़ा दोषी है। इसलिए we must go to the low energy and low capital technologies. हमारे देश को इस मामले में अनुसंधान करना चाहिए। सोलर एनर्जी के संबंध में मुझे बहुत आशा है कि अगर उसको ठीक ढंग से काम कराया जाएगा, तो हमारे देश के लिए बहुत आत्मनिर्भर ऊर्जा देने वाली, क्लीन ऊर्जा देने वाली एक शक्ति है। दुनिया की सारी ऊर्जा सूर्य से आती है। सूर्य से सबसे अधिक ऊर्जा प्रति स्क्वायर किलोमीटर हमारे देश को मिलती है। सोलर एनर्जी हमारा सबसे ज्यादा है। आप उसका उपयोग करिए, लेकिन नहीं करेंगे। उसकी तरफ ध्यान नहीं देंगे। आप ध्यान किस तरफ देंगे, बाहर से कूड ऑयल मंगाने के लिए, गैस बेस्ड, थर्मल बेस्ड, आप कहां से थर्मल चलाएंगे? जो आपके थर्मल बेस्ड प्लांट्स आज चल रहे हैं, उसके लिए आप कितने टन कोयला इंपोर्ट करेंगे? अगर वर्ष 2030 में देखेंगे, तो 14 सौ मिलियन टन आपको कोयला इंपोर्ट करना पड़ेगा। आप कहां से करेंगे?

मेरा सवाल यह है कि आप इस पर विचार करिए। पूरे डेवलपमेंटल मॉडल को बदलिए। सस्टेनेबल डेवलपमेंट के बजाय, सस्टेनेबल कंजंप्शन हो। आज ऐसा विकास का मॉडल चाहिए जो दुनिया के हर आदमी को एक रीजनेबल डिग्निफाइड लिविंग की अपार्चुनिटी दे सके। उसको मकान, कपड़ा, दवाई, भोजन और आगे आने की सुविधायें सभी तरह से हों। जो मॉडल आज दुनिया में ऐसी विभीषिका पैदा कर रहा है, उसे नकार दीजिए। कोपेनहेगेन में डटकर कहिए कि आपके डेवलपमेंटल मॉडल से सारी दुनिया को नुकसान हुआ है, दुनिया में गरीबी बढ़ी है, बीमारी बढ़ी है, बेरोजगारी बढ़ी है, हाहाकार बढ़ा है, पानी और अनाज का संकट बढ़ा है। इसको बदलिए।

भारत को इस मामले में नेतृत्व करना चाहिए। भारत वह देश है जहां ऋग्वेद से लेकर आज तक पर्यावरण के बारे में बहुत कुछ कहा गया है। अथर्वेद का पृथ्वी सूक्त पढ़कर उनको सुनाइए। हम आज से नहीं, हजारों साल से बोल रहे हैं - माता भूमि, पुत्रो पृथिव्या अहम। एम्स्टर्डम में पांच-छः साल पहले वैज्ञानिकों ने यही कहा है कि this earth is a living system; it is not a dead spaceship. यह स्पेसशिप नहीं है कि जिसमें हम चक्कर लगा रहे हैं। It is a living planet. इसके अंदर वही सब तत्व हैं, जो एक लिविंग आर्गेनिज्म में होते हैं। जैसा मेरा जीवन है, वैसा ही इस प्लैनेट का जीवन है। इसे बिल्कुल आप एक निर्जीव प्राणी समझकर, निर्जीव और इनर्ट समझकर इसके साथ व्यवहार मत कीजिए, इसे चेतन्यमयी मां मानकर इसके साथ व्यवहार कीजिए। अगर आप पृथ्वी को अपनी मां मानते हैं, जैसा कि हम भारतवासी मानते हैं, तो फिर कोई अपनी मां के साथ बलात्कार नहीं कर सकता। मां का दूध तो पिया जा सकता है, पर मां का खून नहीं पिया जा सकता है। इस पश्चिमी मॉडल ने पृथ्वी के पर्यावरण का खून पीने का एक शोषणकारी मॉडल दिया है। हम उसको नकारते हैं। हम दुनिया से कहना चाहते हैं कि अपनी लाइफ स्टाइल को बदलिए। हमारी आवाज होनी चाहिए कि पश्चिमी लोगों को अपना कंजप्शन कम करना चाहिए, बदलना चाहिए। जिन लोगों को उन्होंने लूट कर अपना सारा जीवनयापन किया है, उसका कम से कम ब्याज तो वापस कर देना चाहिए, अगर मूल वापस नहीं कर सकते हैं तो। उन्हें कहना चाहिए कि आपको पहले शर्मिंदा होना चाहिए कि आपने सारी दुनिया पर अत्याचार किया। अब यह अत्याचार ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगा। दुनिया के साढ़े पांच बिलियन लोग डेढ़

मिलियन लोगों के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। जलवायु के, पर्यावरण के सवाल ने आज मौका दिया है कि भारत उन तमाम बेसहारा लोगों का, उन तमाम हाहाकार मचाते लोगों का नेतृत्व करे। आपको अवसर मिला है। मुझे खुशी होगी यदि प्रधान मंत्री जी वहां जाएं और दुनिया के सामने यह बताएं कि भारत बेसहारा लोगों का नेतृत्व करेगा। भारत सारी दुनिया में इक्विटी लाएगा, भारत सारी दुनिया के लोगों को एक रीज़नेबल लैवल ऑफ डिगनिफाइड ऐम्ज़िसटैंस के लिए रास्ते दिखाएगा। मुझे खुशी होगी, हम उसमें आपका साथ दें। लेकिन यदि आपने डैवलपमैंटल मॉडल का वही राग अलापा और आप उन्हीं के साथ चलते रहे और उसी में कुछ सुधार करते रहे, तो कुछ नहीं होगा।

मुझे आपसे एक और बात व्यक्तिगत कहनी है। मुझे यह बताया गया है कि आपने अमरीका में किसी भाषण में यह कहा था कि "Yankees go home but take us with you". अगर यह सच है तो मुझे शर्म है, अगर यह गलत है तो मैं सुनना चाहूंगा। यांकी अपने देश जाएं, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। वे दुनिया में कहीं भी जाएं, मगर आप उनके साथ मत जाइए। इस विभीषिका को लाने वालों के साथ आप अपने को मत जोड़िए, आप भारत के साथ रहिए, आप उनके साथ मत जाइए।

इतना कहकर मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

**श्री सन्दीप दीक्षित (पूर्वी दिल्ली):** सभापति महोदय, मैं धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे क्लाइमेट चेंज की इस चर्चा में अपनी पार्टी की तरफ से सदन में अपनी बात रखने का मौका दिया। आदरणीय जोशी जी ने मुझसे पहले एक संदर्भ बांधा है कि क्लाइमेट चेंज से संबंधित किस तरीके की परिस्थितियां आगे हमारे सामने आएंगी। अभी भी चाहे विज्ञान हो, चाहे वैज्ञानिक हों, इस बात पर सहमति पूर्णतया तो नहीं है कि जिस तरह से हमारी पृथ्वी पर, उसके पर्यावरण पर पिछले डेढ़ सौ, दो सौ सालों से बदलाव आ रहे हैं, जिसके परिणाम आज हमारे सामने खुलने लगे हैं, वे किस हद तक आएंगे या उसे कैसे नाप सकते हैं। लेकिन मोटे तौर पर शायद इस बात पर सम्पूर्ण विश्व में एका हो गई है कि परिस्थितियां बदल रही हैं और प्रतिकूल रूप से बदल रही हैं। दो डिग्री, तीन डिग्री, चार डिग्री तक पचास, साठ साल में अंतर आता है या नहीं आता, हमारे समुद्र का स्तर तीन इंच बढ़ता है, छः इंच बढ़ता है या नौ इंच बढ़ता है, हमारे ग्लेशियर जहां से नदियां पनपती हैं, वे चालीस साल में सूख जाएंगे, अस्सी साल में सूख जाएंगे या जितना पानी आज देते थे, उससे बीस प्रतिशत कम हो जाएगा, फिर चालीस कम हो जाएगा। गंगा जी जो इस देश को न केवल पानी देती है बल्कि इसकी पहचान देती है, हमारी संस्कृति को अपनी जान देती है, वह पचास साल बाद बह पाएगी या नहीं बह पाएगी। इस चर्चा में सिर्फ डिग्रीज़ का अंतर है। जो चौथी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रिपोर्ट आई थी, उसने इस बात को पुख्ता रूप से प्रस्तुत किया कि अब इस बात की हममें आपस में चर्चा नहीं है कि हमारे ऊपर संकट आएगा ही, लेकिन कितने समय में आ सकता है, किस स्तर पर आ सकता है और इस बात को विश्व के सामने बड़ी बखूबी से रखा कि आप अंतर में, अंदर में जो भी सोचते हों, अब इसमें सबको मिलकर आगे कदम बढ़ाने पड़ेंगे।

जोशी जी ने पाश्चात्य् सभ्यता के बारे में एक बात कही कि उन्होंने जो तौर-तरीके अपनाए, पिछले कई वर्षों में अपनी जीवन शैली में जो तरीके अपनाए, उस कारण हमारे सामने विषम परिस्थितियां प्रस्तुत हुई हैं। यह सत्य है। उन्होंने जो कन्ज़मशन का मॉडल रखा, औद्योगीकरण का मॉडल रखा, एनर्जी प्रोडयूस करने का मॉडल रखा, उससे परिस्थितियां बनीं। लेकिन मैं एक बात बड़ी विनम्रता से जरूर कहना चाहूंगा कि अगर उसके नकारात्मक असर हुए हैं तो कुछ सकारात्मक असर भी रहे हैं। ऐसा नहीं है कि विदेशी पद्धति सम्पूर्णत: गलत रही है। उसने भी टेक्नोलॉजी में, तौर-तरीके में कुछ रास्ते बनाए हैं। लेकिन यह इस देश की एक बात रही है कि हमने हमेशा, हर देश से, हर संस्कृति से, हर सभ्यता से कोशिश की है कि उससे बेहतर अपने में अपनाएं और अपने तौर-तरीकों, अपने संस्कारों, अपनी संस्कृति, अपनी जीवन शैली को बीच में रखकर बाकी सबसे अच्छा कुछ लेते हुए चले जाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी जो हम राह लेंगे, उसमें इस तौर-तरीके को सबसे आगे पूबल रखेंगे। हमारे आदरणीय मंत्री जी इस बात को बखूबी जानते हैं। मेरे ख्याल से वे इस बात पर स्वयं भी विश्वास करते हैं। इस बात को रखना कि अमरीका है या यूरोप के देश हैं, उन्होंने सबसे पहले गलती की और आज उस गलती के दुप्प्रभाव सम्पूर्ण विश्व पर पड़ रहे हैं, वे सबसे पहले इस बात को स्वीकार करें।

## 15.00 hrs.

जोशी जी, मैं मानता हूं कि गलती हुई है। सही रूप में नहीं, सीधे रूप में नहीं, लेकिन दूसरी भाषाओं में अगर आप उनकी तमाम रिपोर्ट्स पढ़ेंगे, अमरीका की राष्ट्रीय सरकारों के जब वक्तव्य पढ़ेंगे, तो कुछ न कुछ उन लोगों को भी अहसास होगा कि हमने डेढ़ सौ-दो सौ साल में जानबूझकर नहीं, लेकिन अनजाने में गलती की है और इस समय हमारे जन-मानस में, हमारे लोगों को, हमारे नागरिकों को भी आज अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। इन्होंने शायद किसी एक सिनेटर का बयान दिया था, जिसमें उसने कहा था कि पूरा क्लाइमेंट चेंज होक्स है। अगर एक सिनेटर वहां यह कहने की बात रखता है कि होक्स है, तो उस समाज में, उनकी सरकारों में बहुत से लोग हैं, जो शायद इसके विपरीत भी आज अपने शब्द कह रहे हैं। इस बात को हमें मानना पड़ेगा कि उनके लिए यह कहना और मुश्किल होता है। जिस व्यक्ति को चार एयरकंडीशन की आदत पड़ जाती है, जिसे घर से बाहर निकलकर मर्सीडीज में कदम रखने और उसके बाद फिर किसी दूसरे एयरकंडीशन कमरे में जाने की आदत पड़ जाती है, तो उसके लिए एक गाड़ी कम करना ज्यादा मुश्किल होता है, जबकि हमारे लिए ज्यादा आसान होता है। मैं व्यावहारिक रूप से यह बात प्रस्तुत करना चाहता हूं। आपसी लड़ाई में यह बात सॉल्व नहीं हो सकती, क्योंकि इसमें सम्पूर्ण विश्व के हर देश को अपनी भागीदारी निभानी पड़ेगी, वह चाहे कम हो या ज्यादा हो।

एक बात कही गयी है, क्योटो-प्रोटोकॉल में इस बात को स्वीकार किया गया है कि जिन देशों ने इस परिस्थिति को सामने किया है, वही सबसे ज्यादा प्रदूषण फैला रहे हैं। सबसे ज्यादा, सबसे अहम, सबसे लम्बे और सबसे बड़े कदम उन्हें ही दिखाने पड़ेंगे। लेकिन हमारे जैसे देश, जो विकास के रास्ते पर बढ़ना चाहते हैं, मैं यह नहीं कह रहा कि कोई विदेश की ताकत कह रही है कि आज हिन्दुस्तान केवल तीन या चार प्रतिशत इस प्रदूषण में हिस्सेदारी कर रहा है, कल को अगर हम 1.12 जो हमारा प्रतिव्यक्ति टन का प्रदूषण है, उसे बढ़ाते हैं, तो हम छः या सात परसेंट चढ़ जायेंगे। मैं यह नहीं कह रहा कि हमें उस पर अंकुश लगाना चाहिए, लेकिन कम से कम हमें भी खबरदार होकर कदम आगे बढ़ाने पड़ेंगे। आजकल अंग्रेजी में, मैनेजमैंट में एक शब्द बड़ा प्रचलित है--टीपिंग ओवर। हमें नहीं मालूम कि वह टीपिंग ओवर कहां है? लेकिन अगर किसी दिन वह टीपिंग ओवर आ गयी, तो सबसे पहले जैसे जोशी जी ने बखूबी अपने शब्दों मे कहा है, उस लड़खड़ाने में सारा भार सबसे पहले हमारे ऊपर गिरेगा। इसलिए हमारा दायित्व किसी और के प्रति नहीं, बल्कि अपने लोगों के संरक्षण के प्रति रहना चाहिए।

## 15.02 hrs.

(Shrimati Sumitra Mahajan *in the Chair)*

–

मैं केवल यह बात कहना चाहता हूं। इस बात को भली-भांति जानते हुए कि कहीं भी हमने अगर अपने कवच में दरार दिखाई, तो विदेशी देश उस दरार को बड़े तीखे रूप से भेदने की कोशिश करेंगे और चाहेंगे कि हम ज्यादा कदम आगे बढ़ायें और वे कम कदम आगे बढ़ायें। लेकिन मैं सरकार की मंशा को जानता हूं। प्रधानमंत्री

जी के तमाम वक्तव्य हैं और जयराम रमेश जी, जो अपने तौर-तरीके से कई बार बात कहते हैं, वे मेरे मित्र रहे हैं। उनका मुझे बड़ा संरक्षण रहा है। मैं इतना जानता हूं कि जयराम रमेश जी कभी किसी बात को कहते हैं, तो हमेशा उसको ऐसे पक्ष मे कहते हैं कि लोग उसके कभी-कभी कई मतलब पढ़ लेते हैं। लेकिन उसके बावजूद भी उन्होंने जो बात कही है, उसे अगर सीरियस रूप से देखा जाये, तो भारत के हित का संरक्षण करना उसमें निहित रहा है। हमारा जो नैशनल प्लान है, क्लाइमेट चेंज पर जिसे प्रधान मंत्री जी ने खोला, उसे अगर आप पढ़े, नैशनल सोलर मिशन की बात आप पढ़ें, उस पर आप इंप्लूविंग एफीशेंसी की बात करें, एक राष्ट्रीय पानी के इश्यू की बात करें, हैबीटेशन को बदलते हुए ऐसे भवनों के निर्माण की बात करें, जिसमें कम कम ऊर्जा का खर्च हो, तो एक कदम हम अपने देश में स्वतः अपने तरीके से जरूर अपनायें। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ परिस्थितियां दूसरी हैं। आज मुझे यह लगता है कि जो विश्व के देश हैं, खासकर पाश्चात्य सभ्यता से मिले-जुले देश हैं और जिनकी इस देश के 60 से 70 प्रतिशत तक पर्यावरण को बर्बाद करने में हिस्सेदारी रही है, उसमें जो सबसे अग्रणी रहे हैं, वे एक बात समझते हैं कि हमारे कारण यह दिक्कत हुई है, लेकिन वे इस समय सचेत भी हैं। इसलिए उनकी तरफ से जो भी वक्तव्य आ रहे हैं, वे किसी खबरदार व्यक्ति के आ रहे हैं, जो जानता है कि मैंने गलती की है, जो जानता है कि मुझे गलती के लिए अपने आपको बेहतर करना पड़ेगा। लेकिन इस बात से वह डर रहा है कि कहीं इतना न हमको करना पड़ जाये कि हम उसे कर ही न पायें। एक छोटा सा शेर मैं कहना चाहता हूं, जिसे मैंने बहुत पहले सुना था। उसमें कहा जाता है कि

" धोने की है रिफार्मर जाबा की, कपड़े पर है जबतलक कि धब्बा बाकी,

धो शौक से कपड़े को, पर इतना न रगड़, धब्बा रहे कपड़े पर, न कपड़ा बाकी।

हमें इतना भी आगे नहीं चले जाना चाहिए कि जिनकी हमें सबसे पहले इसमे भागीदारी की आवश्यकता है, वे इस डर से पीछे निकल जायें कि हमें आज इतना पीछे न कर दो कि हम अपने लोगों को न संभाल पायें। वे भी जम्हूरियत हैं, वे भी डेमोक्रेसी हैं। उनके यहा भी डेमोगोगरी है, उनके यहां भी बड़े भाषण देने वाले व्यक्ति हैं शायद हमसे बेहतर बोलने वाले व्यक्ति हैं।

उनके पास भी एक सजग मीडिया है, जो उनके हर इंट्रेस्ट को देखती है। उनके यहां भी एक प्राइवेट सेक्टर है, जो शायद हमसे भी ज्यादा बुलंद आवाज रखता है। हमें केवल इन चीजों को बैलेंस करके चलना है। मैं जोशी जी की इस बात से पूरी तरह से सहमत हूं कि एक बैलेंस्ड, एक सही तौर-तरीके से अपना परिवार मानकर, इस प्रकृति के साथ मेल-मिलाप करके जीवन को चलाने वाले अगर कोई दो-चार देश इस दुनिया में हैं, तो उनमें हिंदुस्तान हमेशा अग्रणी रहा है, इसलिए वह राह भी हमें दिखानी होगी। अगर हमने वसुधैव कुटुम्बकम् की बात की है, सबके साथ मिल-जुलकर बात की है तो सभी को साथ लेकर चलने की बात उसमें निहित है। हमें नेतृत्व दिखाना है, लेकिन नेतृत्व केवल अग्रणी पंक्ति में बैठकर नहीं दिखाया जाता है। नेतृत्व वह भी होता है जो हर व्यक्ति को अपने-अपने तरीके से अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए नैतिक रूप से प्रोत्साहित करता है और मेरे ख्याल से सबसे बड़ा दायित्व इस देश के लिए बनेगा। हमारे सामने इस समय एक बहुत बड़ा रास्ता बना है। हमारे देश के शीर्ष के नेता यहां बैठे हुए हैं, परम आदरणीय आडवाणी जी यहां बैठे हुए हैं, इस माध्यम से मैं अन्य नेताओं से भी अपील करना चाहता हूं कि बहुत से देश एक राह पर चले हैं। गांधी जी ने एक बार कहा था "There is never enough to satisfy every man's greed but enough to satisfy every man's need." उनका यह वक्तव्य आज इस समस्या के साथ बहुत सार्थक रूप में हमारे सामने हैं। लक्ष्य हमारे भी वही हैं जो कई अन्य देशों ने अपनाए हैं। हम भी चाहते हैं कि हमारे हर गांव में एक ऐसा स्कूल है, जिसमें गर्मी में भी शायद बच्चों को गर्मी न लगे। हम भी चाहते हैं कि हमारी हर सड़क ऐसी हो जिसमें गढ्ढे कम और सड़क ज्यादा हो, हम भी चाहते हैं कि हमारे किसान को पहले की तरह शारीरिक परिश्रम न करना पड़े, उसको बैलगाड़ी लेकर न जाना पड़े, उसको भी ट्रैक्टर मिल जाए और जब वह खेत से घर आए, अगर एसी न मिल सके, तो उसे कम से एक पंखा मिले। हम भी चाहते हैं कि ये विकल्प उसके सामने हो, वह उसे अपनाना चाहता है या नहीं, वह अलग बात है। इस लक्ष्य तक पहुंचने में हमें इस चीज ने सचेत किया है कि जिस तौर-तरीके से अन्य देश चल रहे थे, अगर हम भी उसी तरह चलते हैं तो जब तक हम उस लक्ष्य पर पहुंचेंगे, जिस तरह की दुनिया आज हमारे सामने है, शायद इस तरह की दुनिया उस समय नहीं बचेगी। इसलिए पास मौका है जिसे बार-बार अंग्रेजी में कहा जा रहा है, we can leapfrog entire generations of development. हमारे सामने नेतृत्व करने के दो विकल्प हैं, एक तो इस बात को तय करना, दुनिया के देशों को साथ लेकर चलना कि क्लाइमेट चेंज आज हमारी common but differentiated responsibility है। ये बहुत महत्वपूर्ण शब्द हैं। आपसी द्वेष, आपसी लड़ाई, एक दूसरे पर उंगली उठाने से common but differentiated responsibility नहीं चलती है। मैं एक उदाहरण देना चाहूंगा। इसी सदन में कभी-कभी हम बराबर के कॉमन मुद्दों पर बात कर रहे होते हैं, अगर यहां से कोई व्यक्ति विपक्ष के ऊपर जरा सी उंगली उठा देता है या उधर से कोई व्यक्ति हम पर जरा सी उंगली उठा देता है तो एक राष्ट्रीय मुद्दे पर भी हम आर-पार हो जाते हैं, हमारे बीच में दरार आ जाती है। जब हम इस चीज को नहीं संभाल पाते हैं तो इस बात पर कैसे विश्वास कर सकते हैं कि दुनिया के सभी देश उसी रास्ते पर चलेंगे। सभी के बीच मेल-मिलाप करना पड़ेगा। पश्चिम के देशों पर एक और दायित्व है। हम यह मानते हैं कि आज उन्होंने विश्व में आज इस तरह की परिस्थिति पैदा की है, गुनाह करने वाले वे हैं, लेकिन गुनाह को ठीक करने की क्षमता भी आज उन्हीं के पास है। आज उन देशों के पास ऐसी टेक्नोलॉजीज हैं, चाहे वे पूरी तरह से विकसित टेक्नोलॉजीज न हों, लेकिन हमारे देशों से बेहतर विकसित हैं, जिनकी सहायता से हम नए आयाम तय कर सकते हैं अगर हमें ऊर्जा के नए स्रोत चाहिए, अगर हमें नई तरह के प्लांट चाहिए एग्रीकल्चर में जिनसे उतनी मीथेन, नाइट्रस आक्साइड या लैण्ड से रिलेटेड ग्रीन हाउस गैस एमिशन्सन नहीं निकलते हैं। हम ऐसे नए तरीके उनसे सीख सकते हैं कि अगर हमें एक लाख मेगावाट या दो लाख या ढाई लाख मेगावाट बिजली का उत्पादन चाहिए, तो हम कर सकते हैं। अगर हमें कोल का इस्तेमाल करना है, तो बेहतर कोल की हम प्रोडक्शन कर सकते हैं। सौर ऊर्जा की बात हुई है। हमारे नेशनल सोलर मिशन में 20 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा के उत्पादन की बात कही गयी है। मैं विनम्रता से कहना चाहूंगा कि मुझे तीन-चार बार इससे सम्बंधित सेमिनार्स में बाहर जाने का मौका मिला, वहां पोट्सडम की एक कांफ्रेंस में चार फिजिक्स नोबेल लॉरिएट्स ने अपने एक पेपर में यह बात प्रस्तुत की कि 20,000 मेगावाट छोड़ दीजिए, अगर 200 वर्ग किलोमीटर के अंदर हम लोग सही में सोलर की फोटोसेल जैसी दूसरी टेक्नोलॉजी होती है, जिसमें हम सौर ऊर्जा का एब्जॉर्ब कर सकते हैं, जिसे मंत्री जी बेहतर जानते हैं, थियरेटिकली हम सम्पूर्ण विश्व की एनर्जी डिमाण्ड्स पूरी कर सकते हैं। तो आइडियाज भी वहां हैं, शायद टेक्नोलॉजी भी वहां है, हो सकता है उसे क्रियान्वयन करने के प्रथम कदम भी वे लोग ले चुके हों, लेकिन वह कैसे हमें मिलेगी। वह हमें दोस्ताना रूप में मिलेगी, वह तब मिलेगी जब हम हाथ से हाथ मिलाकर आगे बढ़ेंगे। कैसे वह हमें मिलेगी। कैसे हमें वह मिलेगी, जब वे हमें अपने साथ चलता हुआ व्यक्ति पाएंगे। हमें उस पर सचेत भी रहना है। जोशी जी ने भी बखूबी कहा कि वे कहीं हम पर ऐसी बातें न लाद दें कि वे तो उसी रास्ते पर अग्रसर रहें, जिस पर वे थे, लेकिन हमारे विकास का रास्ता रुक जाए। लेकिन मुझे मालूम है, जिस तरीके से हमारे प्रधान मंत्री जी ने पिछले पांच सालों में जिस तरह का आचरण दिया है इस देश को चलाने का, जिस तरह से जयराम नरेश जी के अंदर जो उनकी अपनी शक्तियां हैं, कि जो भी कोपेनहेगन में होगा, वह विश्व को प्रगति के पथ पर आगे ले जाएगा। इस देश के विकास की सम्भावनाओं को हम कम नहीं करने देंगे, कम से कम इसका मुझे पूरा विश्वास है।

न्यूक्लियर डील पर इस सदन ने देखा है कि सदन में प्रधान मंत्री जी पर बहुत सा आशंकाएं व्यक्त की गई थीं। मैं राजनीति में नहीं जाना चाहता, केवल अपनी बात कहना चाहता हूं। बहुत सी आशंकाएं उस समय व्यक्त की गई थीं। एक समय तो उन आशंकाओं पर पूरा देश तक हिलने लगा था, लेकिन उसके बाद जिस तरीके से एक-एक देश के साथ बातचीत यह सरकार करती जा रही है, प्रधान मंत्री जी ने जो आश्वासन इस संसद में दिया था, अभी तक यही दिखाई दे रहा है कि वह उस पर

अडिग हैं। हमें विश्वास है कि इस क्लाइमेट चेंज के विषय पर भी वह और उनकी सरकार इस देश के हितों की रक्षा हमेशा करेगी।

मैं मंत्री जी से दो-चार बातें अपनी तरफ से उनके सामने रखना चाहूंगा। पहली बात तो यह है कि जब आज शाम को इस चर्चा का जवाब मंत्री जी दें तो इस बात को स्वीकार करें कि क्लाइमेट के मुद्दे पर हम सबमें असमंजस की स्थिति है, समझ की स्थिति है। हम लोग कहीं कुछ अखबार में पढ़ते हैं। आजकल टीवी में भी इसे लेकर बड़ा भयानक मंजर देखा जाता है। मैंने एक टीवी चैनल देखा तो उसमें एक बड़ा भारी वनमानुष जैसा भालू चला आ रहा था, मैंने सोचा कि कोई ज़ू का शो होगा, पता चला कि कोई क्लाइमेट चेंज का शो चल रहा है। इस भयानक तरीके से भी हमारे सामने परिस्थितियों की सूचनाएं रखी जा रही हैं। कुछ लोग उसे अच्छे संवेदनशील तरीके से हमारे सामने रख रहे हैं। आज बच्चे जगह-जगह क्लाइमेट चेंज के बारे में पढ़ रहे हैं। लोग कभी-कभी अनजाने में इस बारे में ओपीनियन बना रहे हैं। कोई उसे कुछ समझ रहा है तो कोई कुछ और समझ रहा है कि हमारे ग्रंथों में, हमारे पूर्वजों ने प्रलय जैसे शब्दों के बारे में जो कहा है, उसे अनायास अलग-अलग तरीके से समझ कर लोगों के अंदर डर और घबराहट भी आ गई है। मैं आपसे चाहूंगा कि आप अपने जवाब में पहले तो बड़े स्पष्ट और साफ शब्दों में आदरणीय सभापति महोदया के माध्यम से इस देश को समझाएं कि आज जो हमारे सामने परिस्थितियां हैं, उसका एक चेहरा हमारे सामने दिखाएं। वह चेहरा अगर सुंदर है, तो सुंदर दिखे। अगर चेहरा डराने वाला है, तो डराने वाला दिखे, लेकिन चेहरे के पूरे रूप के बारे में हमें पता लगना चाहिए। आपके पास वैज्ञानिक हैं, आपके पास सम्पूर्ण विश्व की इंफार्मेशन है, नॉलेज है, वह हमारे सामने आनी चाहिए।

मंत्री जी, मैं दूसरी बात यह जानना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी ने जो वक्तव्य दिया है कि कभी भी हमारा परकेपिटा एम्मिशन विकसित देशों से ज्यादा नहीं होगा। फिर कहीं मैंने पढ़ा है कि भारत सरकार इस बारे में बात कर रही है कि इस समय जो एवरेज है 4.5 का या 4.22 एम्मिशन का, हम उससे ज्यादा नहीं जाएंगे। लेकिन अभी भी ये सब नम्बर हवा में हैं, क्योंकि हमें मालूम नहीं है कि हमारे पास जो टेक्नोलॉजी के विकल्प हैं, वे उस विकास की स्थिति पर, जिस विकास की स्थिति पर सम्पूर्ण देश को ले जाना चाहते हैं और इस देश के आखिरी व्यक्ति को ले जाना चाहते हैं, अगर वह आखिरी व्यक्ति उस विकास के स्तर पर पहुंचेगा, तो क्या मिनिमम जो ग्रीन हाउस एम्मिशंस हैं, उन्हें हम आज की स्थिति के हिसाब से एस्टीमेट कर सकते हैं? उस नम्बर को जाने बिना किसी नम्बर के बारे में भी बात करना हमारे लिए कोई फायदा नहीं है। मुझे इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, क्योंकि यह टेक्नीकल बात है इसलिए मंत्री जी मेरी भाषा को माफ करेंगे अगर मैं अपनी तरफ से कोई गलत नम्बर कह दूं। अगर 1.12 टन्स की बात की जा रही है, अगर हम आठ टन्स पर लिमिट करते हैं, तो क्या वह आठ टन हमारे विकास को रोक देगा? क्या सम्भावनाएं हैं कि आठ टन के बाद भी हम विकसित हो सकेंगे? क्या हमारे पास ऐसी भी सम्भावनाएं हैं कि हम चार या छः टन पर अपने आपको रोक सकते हैं? इसलिए पहले हम अपने दायरे तो पता करें। हमें यह तो पता चले कि हम यहां तक बेहतर जा सकते हैं या हमारे पास इस समय ऐसी कोई सूचना नहीं है, तो उस बात को भी मंत्री जी बताएं। इससे हमें कम से कम इस बात का तो पता चलेगा कि हम जानने की और कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उसके बिना कोई भी लकीर खींच देना, यह तो उस तरह से हो गया कि जैसे कबड्डी के खेल में दो टीम खड़ी हैं, बीच में लाइन ही मालूम नहीं है कि दूसरी टीम कहां से शुरू होती है और हम कहां से शुरू होते हैं, किसके पाले में जाएंगे। इसलिए पहले पाला खींचने की बात तो कम से कम हमें बताएं।

मंत्री जी ने एक सब्मिशन दिया है और भारत सरकार ने भी, यूएन फ्रेम वर्क का, मैं तो आग्रह करूंगा कि जिन माननीय सदस्यों ने उसे नहीं पढ़ा है, 50-60 पेज का छोटा सा डाक्युमेंट है, उसे अवश्य पढ़ें। उसमें कई चीजों पर यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क को इन्होंने डिमांड भेजी है, उसका भी उल्लेख करें। इन्होंने मिटीगेशन टेक्नोलोजी पर बाहर से इंट्रेक्शन की बात कही है। उसमें उन आंकड़ों को दिया है, जितने धन की विश्व को आवश्यकता पड़ेगी। एक दस्तावेज में मैंने पढ़ा कि टोटल क्लाइमेट चेंज से आती हुई दिक्कत को मिटीगेट करने के लिए शायद 1.1 ट्रिलियन डालर्स की इस समय एस्टीमेटिड जरूरत है और यह कहा गया कि यह एक बहुत बड़ा नम्बर है। आज ही सुबह मेरे एक काबिल मित्र ने मुझसे सवाल किया कि संदीप आपको मालूम है कि अफगानिस्तान में अपनी सैन्य शक्ति को रखने में अमरीका कितना रुपया खर्च करता है। मैंने उन्हें बताया, लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं यह फिगर एक बिलियन डालर प्रतिदिन की है। तीन साल में तो अमरीका ने अफगानिस्तान पर 1.1 ट्रिलियन डालर खर्च कर दिया है, जितना कि विश्व को क्लाइमेट चेंज को मिटीगेट करने के लिए जरूरत है। अगर ये आंकड़े सही हैं, तो इसका मतलब है कि जो धन की आवश्यकता है, उतनी सम्पूर्ण विश्व में क्षमता है कि उस धन को हम जोड़ सकें। अगर अमरीका अफगानिस्तान में इतना पैसा खर्च कर सकता है, तो दुनिया के दूसरे अग्रणी देशों को इतना पैसा इक्ट्ठा करनी की दिक्कत नहीं होगी कि हम आज से कुछ सालों बाद इससे बेहतर विश्व की कल्पना न कर सकें।

मैं एक चीज़ और चाहता हूं कि मंत्री जी अपने उत्तर में बताएं। कई दस्तावेजों में मैंने देखा है कि हम लोगों ने स्वतः अपनी तरफ से बहुत से एक्शन क्लाइमेट चेंज को मिटीगेट करने के लिए किए हैं। कहीं कारों की एफिशिएंसी बढ़ाने की बात कही है, कहीं बेहतर भवनों के निर्माण की बात कही है, चार या छह टेक्नोलोजी मिशंस की बात कही है, एग्रीकल्चर में कुछ कदम उठाने की बात कही है, उन सभी बातों का भी उल्लेख करें, जिससे कि देश को भी पता चले कि हम अपनी तरफ से क्या करने जा रहे हैं।

मंत्री जी ने एक और बहुत महत्वपूर्ण बात फाइनेंशियल ट्रंसफर की अपने दस्तावेज में कही है। इसका एक तरीका बनाने का आग्रह किया है यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क को कि जितने पैसे की हमें आवश्यकता पड़ेगी, टेक्नोलोजी के ट्रंसफर की आवश्यकता पड़ेगी, किस तरह से वह दुनिया में इक्विटेबल तरीके से जा सकता है, इसका भी उल्लेख करें। मंत्री जी इस बात का भी उल्लेख करें, जोशी जी ने इक्विटी की बात थी। जब उन्होंने इक्विटी की बात कही, तब देशों के बीच में विकास की जो असमानताएं हैं, उस इक्विटी की बात कही थी। जब क्लाइमेट चेंज की बात करते हैं, तब हम शायद इक्नोमिक इक्विटी की बात नहीं करते हैं। हम क्लाइमेट चेंज के प्रति अपने दायित्व की इक्विटी की बात करते हैं, मेरे खयाल से अमरीका में मानवता के प्रति भावना छोड़ दीजिए, लेकिन यह पूरे विश्व की समस्या है, इसलिए इसमें इक्विटी के क्या पैरामीटर्स होते हैं, उसका उल्लेख करें।

मैं मंत्री जी से बहुत कम सवाल करना चाहता हूं, क्योंकि यह एक नई फील्ड है। जब वातावरण की बात होती है, जब हमें पता चलता है कि कुछ सालों बाद मैं तो नहीं, लेकिन मेरी बेटी या उसके मित्र या उसके सगे संबंधी किसी दूसरी दुनिया में रह सकते हैं, शायद जयपुर को, जिसे हम रेगिस्तान का इलाका कह सकते थे, हो सकता है कि वहां समुद्र का तट पहुंच जाए। जिसे हम आज जंगल कहते हैं, शायद कल वहां रेगिस्तान हो जाए और जिसे रेगिस्तान मानते थे, शायद आने वाले समय में वहां जंगल की परिस्थितियां हो जाएं? मंत्री जी के पास जितनी साइंस की नालेज है, क्या उनके हिसाब से आगे दस, बीस, तीस सालों में किस तरह से हमारे अंदर बदलाव आ सकते हैं, थोड़ा बहुत उसका भी जिक्र करें।

**सभापति महोदया :** संदीप जी, आप बहुत अच्छा बोल रहे हैं, लेकिन आप समय का ध्यान रखिए।

**श्री सन्दीप दीक्षित :** 25 से 40 परसेंट के करीब डवलप कंट्रीज के ऐमीशंन कट्स की बात कही गई है कि 1990 के लेवल के हिसाब से, अब शायद 2020 तक करने की बात करेंगे। तीन से चार कांफ्रेंसिस में जा चुके हैं, बर्लिन, जेनेवा और आपने बताया कि दिल्ली में भी एक कांफ्रेंस हुई है। उस बातचीत पर हम कितना आगे

बढ़े हैं और उनके हिसाब से जो देश सबसे ज्यादा प्रदूषण फैला रहे हैं, वे कितने हद तक आगे जाने के लिए कितना कटिबद्ध हैं। कोपेनहेगन में हमारे तीन या चार नॉन नेगोशिएबल्स क्या रहेंगे, इसका भी उल्लेख मंत्री जी करें।

**श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद):** सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है। आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन से चिंतित है। इसमें दो राय नहीं है कि अगर इसी तरह से ग्लोबल वार्मिंग होती रही तो यह यूनीवर्स बचने वाला नहीं है। जिस तरह से जलवायु में परिवर्तन हो रहा है, उसके भुक्तभोगी हम लोग स्वयं भी हैं। हम इतने ज्यादा भुक्तभोगी हैं कि पहले जो 10 साल में, 15 साल में देश में सूखा पड़ता था, अब हर दूसरे तीसरे साल में सूखा पड़ रहा है और हमने देखा है कि पूरे देश में इतना जबर्दस्त असर रहा कि अवर्षा के कारण हमारी ज्यादातर खेती उससे प्रभावित हुई चाहे उत्तर भारत हो, चाहे पूर्व भारत हो, चाहे पश्चिम भारत हो, हर जगह खेती प्रभावित हुई और अबकि अन्न का उत्पादन चाहे धान का हो या गेहूं का हो, इतना कम होगा कि भारत को विदेश से आयात करना पड़ेगा। जो हमारा देश स्वावलम्बी हुआ करता था, आज विदेशों पर निर्भर हो जाएगा, यह इसी बात का सबूत है कि जलवायु परिवर्तन का असर हमारे देश पर भी बहुत जबर्दस्त पड़ा है। मैं आपके माध्यम से पूरे सदन को और खासतौर से जयराम रमेश जी, माननीय मंत्री हैं और कल मैंने पृथ्वीराज चव्हाण जी से पूछा था, उन्होंने तो उस सवाल का जवाब टाल दिया था और आप पर छोड़ दिया है कि आप आज जवाब देंगे। आज भारत की एक अरब दस करोड़ आबादी के लोग इससे कितना ज्यादा प्रभावित होंगे, आज यह चिंता का विषय है। जहां हम कंट्रीब्यूट करना चाहते हैं कि एमीशन रुकें, सीओटू गैस जो पूरी दुनिया में इतनी तेजी से फैल रही है, उसे रोका जाए। लेकिन क्या यह संभव है? पूरी दुनिया दो भागों में बंटी हुई है, एक तो विकसित देश और दूसरे विकासशील देश जिसमें भारत और चीन भी शामिल हैं। जी-77 के 77 देश भी उसमें शामिल हैं।

मैं इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि अगर आप दबाव में न आते, जी-77 का नेतृत्व करें तो एक बहुत तबका इसमें आपके साथ शामिल हो सकता है। जहां तक आप लोगों की बात है, चाइना और अमेरिका ये 16 प्रतिशत एमीशन करते हैं और भारत मात्र 4 प्रतिशत एमीशन कर रहा है और प्रतिबंध किस पर लगाना है? भारत पर, जी-77 पर लगाना है। आज जो हम तकनीकी इस्तेमाल कर रहे हैं, यह तकनीकी किसकी देन है? यह तकनीकी विकसित देशों की देन है। इसमें चाहे अमेरिका हो या यूरोप हो, इन्हीं की दी हुई तकनीकी है। भारत का क्या स्टैंड होगा? इसमें खरबों-खरबों डॉलर खर्च होंगे। जब इसका जवाब मंत्री जी देंगे, तो बताएंगे कि इस एमीशन को रोकने के लिए भारत के संसाधन उतने नहीं हैं कि हम उसको रोक सकें। उसके लिए हमें सहायता चाहिए। क्या अमेरिका और यूरोप हमें मदद करने के लिए तैयार हैं? यदि तैयार हैं तो किस हद तक मदद करने के लिए तैयार हैं? यह तो उन्हीं की हमारे ऊपर थोपी हुई तकनीकी है जिससे प्रदूषण फैल रहा है और आज भी अमेरिका और यूरोप पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषण फैला रहे हैं। वे इसे विकासशील देशों पर, भारत, चीन और जी-77 देशों पर थोपना चाहते हैं। मैं मंत्री जी यह जानना चाहता हूं कोपनहेगन में माननीय प्रधानमंत्री जाएंगे और आप भी जाएंगे तो इसमें भारत का स्टैंड क्या होगा? यह क्लियर होना चाहिए। आज सदन को मालूम होना चाहिए कि भारत क्या कहने जा रहा है? भारत का स्टैण्ड क्या होगा? क्या भारत पश्चिमी देशों के दबाव में झुक जाएगा या अपना पक्ष रखकर अपनी बात मनवाने में सक्षम होगा? यह तभी हो सकता है जब आप जी-77 का सहारा लेंगे, उनकी अगुवाई करेंगे, उनका नेतृत्व करेंगे। यह विकासशील देशों का बहुत बड़ा समुदाय है। आप अपना पक्ष प्रस्तुत कीजिए और अमरीका पर दबाव डालिए, यूरोप पर दबाव डालिए कि वे अपना एमिशन कितना कम करेंगे क्योंकि हम उस के अनुरूप नहीं कर सकते। हम विकासशील देश हैं। उन्होंने अपना विकास कर लिया है और वे ही सबसे ज्यादा प्रदूषण कर रहे हैं और इसकी जिम्मेदारी हमारे ऊपर थोपना चाहते हैं। मैं मानता हूं कि भारत की भी जिम्मेदारी है। भारत ऐसा देश है जो वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करता है, आज से नहीं अनादि काल से भारत पूरी मानवता के बारे में सोचता रहा है।

महोदया, इस सदन में जयराम रमेश जी ने समय-समय पर कुछ बातें कही हैं, मैं उनको याद दिलाना चाहता हूं कि भारत जिनेवा गया था, बाली में एक्शन टेकन कांफ्रेंस हुआ। अमरीका कहता है कि मैं क्येटो सम्मेलन को नहीं मानूंगा। वह क्यों नहीं मानेगा? अगर अमरीका नहीं मानेगा तो क्या हमारी जिम्मेदारी यूनिवर्स और मानवता को बचाने की है? अमरीका यह प्रस्ताव मनवाना चाहता है। जयराम रमेश जी ने कहा है, जिसे मैं आपकी आज्ञा से पढ़ना चाहता हूं -

> "India has argued at these ongoing negotiations that the developed country Parties must take actions in accordance with the principle of equity and "common but differentiated responsibilities and respective capabilities" in order to achieve the objectives of the Convention. Such actions of the developed countries (Annexure I Parties to the UNFCCC) should include deep and ambitious targets for emission reduction in the second commitment period (Post-2012) of the Kyoto Protocol. India is engaged constructively in these negotiations and is committed to work according to the principles and objectives of the Convention."

मैं जो बात कह रहा हूं वह आपके जवाब से स्पष्ट होती है और आपका स्टैंड भी यही है। प्राइम मिनिस्टर उस कांफ्रेंस में जाएंगे तो क्या यही जवाब देंगे जो आपने इस सदन में दिया है या प्राइम मिनिस्टर दबाव में कोई दूसरा जवाब भी दे सकते हैं? क्या दबाव में झुक जाएंगे और भारत की सार्वभौमिकता पर झुकने का काम करेंगे?

> "While India has already taken a number of steps to adopt and mitigate climate changes, impact in the interests of sustainable development. India will take a further voluntary and nationally appropriate action for addressing climate change. The Pact is in fact actually in accordance with the priorities and objectives laid down under National Action Plan for Climate Change. "

> "While India has already taken a number of steps to adopt and mitigate climate changes, impact in the interests of sustainable development. India will take a further voluntary and nationally appropriate action for addressing climate change. The Pact is in fact actually in accordance with the priorities and objectives laid down under National Action Plan for Climate Change. "

आपने यह बात कही है लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इंडिया में जिन सैक्टरों में यह मिशन हो रहा है, जैसे

इंडस्ट्रिलाइजेशन के लिए कोयले द्वारा थर्मल प्रोडयूज़ करते हैं।

**सभापति महोदया :** अब आप कंक्लूड कीजिए।

**श्री रेवती रमन सिंह :** मैडम, मैं पार्टी की तरफ से बोल रहा हूं। यदि आप कहेंगी तो मैं बैठ जाऊंगा।

**सभापति महोदया :** मुझे मालूम है। लेकिन अभी बहुत से मैम्बर्स बोलना चाहते हैं।

**श्री रेवती रमन सिंह :** मैं एक शब्द आगे नहीं बोलूंगा, लेकिन मैं पार्टी की तरफ से बोल रहा हूं। जिन लोगों ने इनिशिएट किया था, उन्हें आपने बहुत समय दे दिया।

**सभापति महोदया :** आपकी पार्टी का समय हो गया है, इसलिए कंक्लूड करने की बात कह रही हूं, तुंत स्टाप करने की बात नहीं कह रही हूं।

**श्री रेवती रमन सिंह :** आप हमें कंक्लूड मत करवाइये, क्योंकि जब आप भी बोलती हैं तो हम सुनते रहते हैं।

महोदया, इस पर दोबारा डिबेट नहीं होगी। कोपनहेगन के पहले ही डिबेट होने जा रही है। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि यदि जरूरत पड़े तो इस डिबेट को कल तक के लिए एक्सटैंड कर दीजिए। इसे टाइम बाउंड मत रखिये कि साढ़े सात बजे खत्म हो जायेगा। इसमें कांग्रेस, भाजपा तथा तमाम पार्टीज के मैम्बर्स बोलना चाहते हैं।

**सभापति महोदया :** सभी को समय देना है, इसलिए सभी अपनी बात शॉर्ट में कहें।

**श्री रेवती रमन सिंह :** आप इसमें थोड़ा समय और बढ़ाने की कृपा कीजिए। मैं रमेश जी को फिर याद दिलाना चाहूंगा कि भारत एक विकासशील देश है। अभी इन्होंने भारत, चाइना, साउथ अफ्रीका और ब्राजील का ग्रुप बनाया था। मैंने कल भी यह बात कही थी। ये ग्रुप जी-77 का नेतृत्व कर रहे थे। लेकिन चाइना निकलकर भाग गया। उसने कहा कि वहां जो भी फैसला होगा, जो भी टर्म रहा हो, हम एक्सैप्ट करेंगे। अब आपके पास ब्राजील और साउथ अफ्रीका बचे हैं और जी-77 है। क्या आपने यह इवोल्व कर दिया है कि आप कितना इमिशन करेंगे। कोयले से आपके तापीय विद्युत गृह बनेंगे या नहीं। मैंने माना कि आप उसमें वॉशेबल कोयला लगायेंगे, जिससे कि इमिशन कम से कम हो सके। लेकिन कुछ स्टैप्स आप उठा सकते हैं। जैसे दिल्ली में मॉस ट्रांसपोर्ट अभी उतना डैवलप्ड नहीं है। मैं केवल दिल्ली का उदाहरण आपको देना चाहता हूं। यहां एक-एक घर में, एक परिवार में तीन-तीन, चार-चार गाड़ियां हैं। आप जानते हैं कि डीजल और पैट्रोल से ग्रीन हाउस गैसें बनती हैं। क्या आप इन गाड़ियों पर प्रतिबंध लगायेंगे, ताकि लोग मास ट्रांसपोर्ट यूज करें या एक गाड़ी को पूरा परिवार इस्तेमाल करे। अन्यथा आप उन परिवारों पर हैवी टैक्सेशन लगाइये, जो परिवार एक से ज्यादा गाड़ियां रखते हैं। दिल्ली की सड़कों पर यदि आप चलना चाहते हैं तो आज चलना मुश्किल है। अगर आप कोलकाता, चेन्नई और मुम्बई तीनो मेट्रोपोलिटन सिटीज को जोड़ लें तो अकेले दिल्ली में उससे ज्यादा गाड़ियां हैं। क्या आपने विचार किया है, क्या आप कोई स्टैप लेंगे?

इसके अलावा आपने अफॉरिस्टेशन की बात कही है। मैं पढ़ रहा था कि कितने प्रतिशत यहां वनीकरण हो गया है। लेकिन मैं इसी सदन में याद दिलाना चाहता हूं कि पहले चेरापूंजी में दुनिया का सबसे ज्यादा पानी बरसता था, आज चेरापूंजी में पानी बरसने की बात छोड़िये, लोग लाइन लगाकर पीने का पानी ले रहे हैं। चेरापूंजी में दुनिया का सबसे अधिक पानी बरसता था। क्या आपने उसके लिए कुछ किया? आज जितने भी पूर्वोत्तर राज्य हैं, उन राज्यों में ट्राइबल्स के पास अफॉरिस्टेशन है, उसकी अंधाधुंध कटाई हो रही है। अभी भी कई मिलियन टन पानी की जो वर्षा करते हैं, वे जंगल काटे जा रहे हैं। भारत में भी काटे जा रहे हैं। क्या आपने उन पर कोई रोक लगाई, क्या आप इस बारे में सक्षम हुए? आज आप नरेगा में क्या काम करवा रहे हैं। आप सड़क, नाली, खड़ंजे आदि बनवा रहे हैं। आप इसमें ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं करते कि अब प्राचीन पेड़ लगाये जायेंगे, जो पेड़ इकोलोजी को फायदा दे, वैसे पेड़ लगाये जायेंगे। वह आप नहीं कर रहे हैं, आप प्रैक्टिकल बात नहीं कर रहे हैं।

**सभापति महोदया :** रेवती रमन जी, पच्चीस से अधिक लोग बोलना चाहते हैं। अगर इसी स्पीड से चलेंगे तो कल तक भी डिबेट पूरी नहीं हो पायेगी।

**श्री रेवती रमन सिंह :** सभापति महोदया, आपकी आज्ञा शिरोधार्य है, मैं जल्दी ही खत्म कर दूंगा।

**सभापति महोदया :** जल्दी यानी ज्यादा से ज्यादा केवल दो मिनट में।

**श्री रेवती रमन सिंह :** मैं पांच मिनट में खत्म कर दूंगा। माननीय पर्यावरण मंत्री श्री जयराम रमेश ने कहा है -

> "India's total greenhouse gas emission was 1228 metric tonnes of CO2 equivalent as per the official statistics reported in the first national communication of India to the UNFCC (NATCOM) in1994. In per capita terms, India's CO2 emission in 1994 was 1.02 tonnes as compared with world average of 4.25 tonnes. Further estimates in this regard have been made by researchers which are not confirmed officially."

1994 में जो सर्वे किया गया था, जहां भारत का ईमिशन 1.02 टन था, आज 2009 आते ही उसकी क्या पोज़ीशन है। हम तथा यह देश जानना चाहता है कि -

> "Total CO2 emissions constituted 65 per cent of total GHG released in 1994. On a sectoral basis, the energy sector accounted for about 61 per cent, agriculture 28 per cent, industrial process 8 per cent, waste disposal 2 per cent and land use and land use change 1 per cent of total greenhouse gas emissions. CH4 and N2O respectively account for 31 per cent and 4 per cent of the total GHG emissions in terms of CO2 equivalent. "

मैं ये आंकड़े इसलिये दे रहा हूं जिससे यह साबित होता है कि जो प्रमुख सैक्टर हैं - कृषि क्षेत्र में इनसैक्टीसाईड्स, पैस्टीसाइड्स, कैमिकल्स फर्टिलाइजर इस्तेमाल करते हैं और हम जो कैमिकल्स डालते हैं, उससे मिथेन गैस पैदा होती है, खासकर धान की खेती में देख रहे हैं...(<u>व्यवधान</u>)

**सभापति महोदय :** आप कृपया अपने पाइंट्स को रखिये तथा बाकी बातें अपने दूसरे सदस्यों के लिये छोड़ दीजिये, वे कह देंगे। आप एक मिनट में समाप्त करिये।

**श्री रेवती रमन सिंह :** सभापति महोदया, मैं केवल दो मिनट में खत्म कर दूंगा। जितनी देर में आप हमें रोक रही हैं, उससे कम समय में समाप्त कर देता। मैं यह कहना चाह रहा था कि सरकार बॉयो-फर्टिलाइजर का विकास क्यों नहीं करती? आज कैमिकल फर्टिलाइजर फैक्टरी पर जोर देते हैं जिसे आप इम्पोर्ट करते हैं लेकिन भारत सरकार ने न तो निजी क्षेत्र में, न स्टैंडर्ड बायो कैमिकल्स खुलवाया है

और आज न उसके आंकड़े हैं कि पांच साल के अंदर उसमें उतना ही उत्पादन होगा जितना कैमिकल्स फर्टिलाइजर से होता है। भारत सरकार का इस में कोई प्रयास नहीं है। इसी तरह से गांवों में तालाब पर कब्जे हो गये हैं। आज तालाबों में पानी नहीं है। पहले हर गांव में तीन-चार तालाब जरूर हुआ करते थे। हमने बजट में पूछा था कि आप कितने तालाब खुदवायेंगे, कहा गया कि पूरे देश में 100 तालाब खुदवायेंगे।

आप इसे प्रैक्टिकल बनाइये। ऐसा बनाइये कि कम से कम हमारे देश का कम से कम इनिशियल हो सके और औद्योगीकरण भी हो चुके हैं। आप ऐसा मत करिये कि अमरीका या यूरोपियन देशों के दबाव में झुक जाइये और उनकी बात मानकर भारत के औद्योगीकरण का नुकसान कर दीजिये।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर):** सभापति महोदया, जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपने विचार रखते हुये ज्यादा समय नहीं लूंगा। आज हम लोग ऐसे मुद्दे पर बहस कर रहे हैं, अगर नहीं चेते तो इसके बहुत बुरे परिणाम होंगे। इस पर हमारी दो तरह की सोच होनी चाहिए। एक सोच यह कि हम अपने देश में जलवायु परिवर्तन के लिए क्या प्रयत्न कर रहे हैं और दुनिया इसके लिए क्या प्रयत्न कर रही है? हम भारतवासी हैं, लेकिन जब पृथ्वी पर खतरा होगा तो चाहे फिर दुनिया के अमीर देश हों, सबको मिलकर प्रयत्न करना होगा। हम भारतवासी हैं, इसमें संदेह नहीं, लेकिन पृथ्वी पर जितने भी देश बसे हैं, उन सबको भी इस पर विचार करना चाहिए। हमें दोतरफा लड़ाई लड़नी होगी। पृथ्वी पर बसे दुनिया के जितने मुल्क हैं, सभी मुल्क जलवायु परिवर्तन के लिए तैयार हों और हम भी उसमें प्रयत्न करें।

महोदया, अमेरिका बीसवीं सदी में एक नंबर का कार्बन उत्पादन करने वाला मुल्क था। अब चाइना भी उससे आगे निकल गया है। आज अमीर देशों की यह स्थिति बन गयी है, हमारे वैज्ञानिक कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन के दो बड़े कारण हैं। एक तो बढ़ती जनसंख्या और दूसरा कारण विलासितापूर्ण जिंदगी है। विलासितापूर्ण जिंदगी तैयार करने के लिए अमेरिका जैसे विकसित देशों ने, जो कार्बन उत्पादन का सबसे बड़ा घर बना, आज औद्योगिक क्षेत्रों में, परिवहन के क्षेत्र में, ऊर्जा के क्षेत्र में जिस तरह का माहौल और जिस तरह की परिस्थितियां बनायी गयीं, इससे हम और आप ही खतरे में नहीं, बल्कि संपूर्ण पृथ्वी खतरे में है। आज यह सोचने का अवसर मिला है कि जो आज तक हमने संधियां की हैं, उन संधियों से अमेरिका मुकरा है, इसमें संदेह नहीं है। उन संधियों में कई बार विकसित देशों से बाधाएं आयी हैं। मैं कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार को और माननीय मंत्री जी, जो निश्चित तौर पर पर्यावरण के बहुत प्रेमी हैं, इन्होंने तो अपना मंत्रालय भी पर्यावरण के हिसाब से बनाने की कवायद कर ली थी। माननीय मंत्री जी निश्चित तौर पर पर्यावरण के प्रति बहुत चिंतित हैं। इस चिंता को संपूर्ण दुनिया की चिंता बनाना, हमारी बड़ी लड़ाई होगी। जब दो दुश्मनों का झगड़ा होता है, परिवार में कहीं एक मौत हो जाए तो दुश्मन लोग भी उसमें शिरकत करते हैं। जब पृथ्वी पर खतरा है तो दुनिया के सभी देशों को एकजुट होकर पृथ्वी को बचाना होगा। अभी प्रकृति थोड़ा गुस्सा दिखा रही है। प्रकृति के गुस्से से अभी थोड़े झटके आ रहे हैं। प्रकृति ने अगर पूरा गुस्सा दिखा दिया तो फिर क्या होगा? इस पर पृथ्वी के सभी लोगों को विचार करना होगा। आज इसमें संदेह नहीं कि हम भारत में भी प्रयत्न कर सकते हैं। आदरणीय कुंवर साहब ने ठीक ही कहा कि एक गाड़ी से काम चल जाने वाले परिवार दस गाड़ियां खरीदकर कार्बन बढ़ाने के विचार से अनभिज्ञ होते हैं। ठीक उसी तरह एक ए.सी. से काम चल जाने वाले विलासितापूर्ण परिवार के हर कमरे में ए.सी. लगाने की भावना को इससे अवगत कराना होगा कि आप हर कमरे में एसी लगाकर देश और पृथ्वी के साथ क्या कर रहे हो? इतना ही नहीं भारत तो प्रकृति की गोद का देश है। जहां तक मेरी जानकारी है, उसके अनुसार मैं कह सकता हूं कि प्रकृति ने हमें पीपल का पेड़ दिया, तुलसी का पेड़ दिया, पीपल और तुलसी का पेड़ केवल दिन में ही ऑक्सीजन नहीं देता, बल्कि ये रात में भी ऑक्सीजन देते हैं। ये दोनों पेड़ दिन और रात दोनों में कॉर्बन डाई ऑक्साइड नहीं देता है। हम लोग ऐसे धनी देश, प्रकृति के हैं। मैं कह सकता हूं कि आज पर्यावरण के मामले में, जलवायु परिवर्तन के मामले में जो नीति हमने बनायी हैं, उसके अनुसार आज निश्चित तौर पर हमें इस बात को देखना होगा। 30 जून, 2008 जलवायु परिवर्तन के वैज्ञानिक पहलुओं पर केन्द्रीयकृत रिसर्च आई कि औद्योगिक उत्पादन और परिवहन से जो कार्बन डाइऑक्साइड पैदा हुई, इसको रोकने के लिए ये सारी बातें होनी चाहिए। मैं कहना चाहता हूँ कि हमारा देश इसके लिए प्रभावी पहल करे और दुनिया को भी इसके लिए सचेत करे। प्रकृति के कोप से विश्व को परेशान होना ही है। दो या एक डिग्री की हालत से यह स्थिति अब आ रही है। भारत में भी कई बातें आई हैं कि देश में 127 संस्थाओं का नैटवर्क पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर शोध कर रहा है जिसमें विश्वविद्यालय अनुसंधान विकास संस्थाएँ और स्वयंसेवी संस्थाएँ, गैर सरकारी और निजी संस्थाएँ, सब इस पर काम कर रही हैं, लेकिन इनकी रिपोर्ट सरकार में प्रस्तुत नहीं है। अगर सचमुच में 127 संस्थाएँ जलवायु पर काम कर रही हैं तो माननीय मंत्री जी से मैं चाहूंगा कि इनकी रिपोर्ट भी सरकार के पास पहुँचनी चाहिए। मैं निश्चित तौर पर कहना चाहता हूँ कि यह एक ऐसा मुद्दा है कि इस मुद्दे को लेकर सरकार ...(<u>व्यवधान</u>)

**सभापति महोदया :** प्लीज़, ज़रा हाउस का क्लाइमेट भी ठीक रखिये।

**श्री रमाशंकर राजभर :** सभापति महोदया, यह इतना महत्वपूर्ण मुद्दा है कि कल्पना करिये कि वैज्ञानिकों ने ही कहा है कि 2030 तक हमारी गंगा नदी नहीं होगी, घोसी नदी नहीं होगी। वैज्ञानिकों ने कहा है कि 2050 तक ऐसी परिस्थितियाँ बन जाएँगी, इसमें कोई संदेह नहीं। वैज्ञानिकों ने ही कहा है कि इस धरती पर केवल ढाई फीसदी ही ताजा जल है और बाकी जल खारा है। ताजा जल में 70 प्रतिशत जल बर्फ के रूप में है। ग्लोबल वार्मिंग से जो बर्फ पिघलनी शुरू हुई और ओज़ोन की परतों में छिद्र हो गए, इससे जो पर्यावरण को खतरा है, मैं समझ सकता हूँ कि आज हमारे देश के जितने भी विभाग हैं, जो हमारे विकास में कार्यरत हैं, यह सही है कि जनसंख्या और जनसंख्या को चलाने के लिए, उसको संसाधन उपलब्ध कराने के लिए हमारी मजबूरियाँ हैं कि हम भी विकसित देशों की दौड़ में अपने संसाधन उपलब्ध कराएँ, हम उनको संसाधन दें। इन सबके बावजूद भी यदि हम जलवायु परिवर्तन के प्रति गंभीर हैं तो देश में उपलब्ध कराने के लिए संसाधन, देश को चलाने के लिए संसाधन, देश को विकास की कड़ी में ले जाने के लिए संसाधन, देश को विकास में बहुत आगे ले जाने के लिए जो भी संसाधन हम तैयार करते हों, उसमें जलवायु परिवर्तन को हम गौण मानकर नहीं बल्कि महत्वपूर्ण मानकर ही हर निर्णय करें और आगे बढ़ें। हमें आगे बढ़ना चाहिए, इसमें कोई संदेह नहीं, लेकिन यह कोई ज़रूरी नहीं कि हम इतना अधिक आगे बढ़ जाएँ कि उसके आगे जाने के बाद धरती दिखाई ही न दे, केवल खाई ही खाई दिखाई दे। यह बात अपने देश में भी और दुनिया के मुल्कों को भी समझानी होगी, चाहे वे अमीर देश हों या गरीब देश हों। खूब विकास करिए, एक हवाई जहाज़ नहीं, चार-चार हवाई जहाज़ खरीद लो। एक ही फैक्ट्री नहीं, दस-दस फैक्ट्री लगा लो, लेकिन उसके आगे कहीं पृथ्वी को गुस्सा आ गया, भारत माँ को गुस्सा आ गया और कहीं भी थोड़ा धरती डोल गई तो क्या परिणाम हो रहा है, सूनामी लहरों से क्या परिणाम हो रहा है, समुद्र के बढ़ते हुए जल से क्या हो रहा है, यह दुनिया और विश्व के सामने है।

मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि जब अपना वक्तव्य दें तो देश के अंदर हम इस पर क्या योजनाएँ बना रहे हैं और कितना आगे बढ़ रहे हैं यह भी बताएँ। यह केवल हमारे देश का ही नहीं, दुनिया का भी दर्द हो और दुनिया इस पर एग्री हो कि अमीर देशो! यह जान जाओ, कि तुम बहुत आगे जा रहे हो लेकिन इसके आगे इतनी बड़ी खाई मिलेगी कि जहाँ से जाने के लिए कोई जगह तुम्हें नहीं मिलेगी, यह दुनिया के देशों को भी हमारी सरकार को बताना होगा। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद।

**श्री मंगनी लाल मंडल (झंझारपुर):** आदरणीय सभापति महोदया, आज संपूर्ण दुनिया में जलवायु परिवर्तन पर चिन्ता व्यक्त की जा रही है। यह बात सही है कि यह एक वैश्विक समस्या है और बहुत संवेदनशील भी है। डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी ने विश्व के दो भागों की व्याख्या की है, लेकिन वास्तव में दुनिया तीन है - एक वह है जो सम्पन्नता, वैभव, विलासिता और एश्वर्य से परिपूर्ण है और एक वह है जो दरिद्र है, लेकिन दरिद्रता से विकासशील देश मुकाबला कर रहा है। तीसरी दुनिया वह है, जो कंगाल है, जिसकी आवाज अभी दबी हुई है। यह जो वैभव और विलासिता से परिपूर्ण अमेरिका और यूरोप देश हैं, उसने दुनिया को बाजार बनाने के लिए एक बार गैट का बड़ा शोर मचाया था। उससे भारत भी सहमत था और गैट के कोख से डब्ल्यूटीओ निकला। चीन बहुत दिनों तक उसका सदस्य नहीं बना, लेकिन भारत ने इसका बड़ी बहादुरी के साथ कड़ा मुकाबला किया। आज स्थिति यह है कि डब्ल्यूटीओ के मंच पर भारत एक सदस्य प्रमुख सदस्य देश नहीं है, सिर्फ अग्रणी देश ही नहीं बल्कि वह नेतृत्व करता है और नेतृत्व करने की क्षमता की बदौलत विकासशील और पिछड़े देश हैं, उसका नेतृत्व करता है परन्तु वहां यह जो समस्या है, इसमें बहुत भय है।

आज सारी दुनिया में जलवायु परिवर्तन के लिए एक भय पैदा किया जा रहा है। भारत और विकासशील देशों को डराया जा रहा है, जब कि भारत का ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन में उतना हिस्सा नहीं है , जितना अन्य देशों का अमेरिका और चीन अकेले सारी दुनिया में 20 प्रतिशत ग्रीन हाउस गैस का उत्सृजन करता है। जब कि क्योटो प्रस्ताव का अमेरिका ने विरोध किया, उन्होंने कहा कि यह चीन के पक्ष में है। 14 प्रतिशत वे देश हैं, जो यूरोप के देश हैं। हम 4.9 प्रतिशत वाले रूस के साथ हैं। हमारी हिस्सेदारी सबसे कम है, लेकिन यह कहा जा रहा है कि इसमें सांझा रणनीति बननी चाहिए, आम सहमति होनी चाहिए। उन पर उसी तरह पाबंदी लगनी चाहिए, जिसने दो सौ-तीन सौ वर्षों में दुनिया को यहां लाकर खड़ा कर दिया है, जहां आज जलवायु परिवर्तन के सवाल पर सबसे ज्यादा तीखा प्रहार हो रहा है, दुनिया एवं पृथ्वी बर्बाद हो रही है। जिन लोगों ने बर्बाद किया, वे भी कहते हैं कि सांझी रणनीति में भारत और चीन भी बराबरी का हिस्सेदार बने और जो जी-8 के देश हैं, वे भी बराबरी के हिस्सेदार बनें। श्री जयराम रमेश जी के बारे में डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी ने चर्चा की है। ये काबिल और ज्ञानी आदमी हैं। उनके विचार पढ़ने को मिलते रहते हैं। ये कभी-कभी विवाद में भी घिर जाते हैं। प्रधानमंत्री जी ने सरकार की नीति को कई मंचों पर स्पष्ट किया है, उसमें हम मान करके चल रहे हैं कि भारत न हारेगा और न ही अपने हित से समझौता करेगा, क्योंकि हमारी समस्या गरीबी है और अमेरिका एवं यूरोप की समस्या विलासिता है। दुनिया पर जो ग्रीन हाउस गैस का भार पड़ा है, वह अमेरिका और यूरोप के विलासिता के चलते है, हमारी गरीबी और दरिद्रता के चलते नहीं है। लेकिन हमारी गरीबी और दरिद्रता को मिटाने का जो अभियान है, उस अभियान पर सांझा रणनीति में बराबरी का हिस्सेदार बना कर जो रोकने का प्रपंच चल रहा है, उस प्रपंच के खिलाफ सरकार की नीति का प्रधान मंत्री जी के वक्तव्य से स्पष्ट हुआ है कि यह नहीं होने वाला है। लेकिन एक बात है, जो बाली डिक्लरेशन है, पहले क्योटो, जिसे अमेरिका की संसद और कांग्रेस ने भी रिजेक्ट कर दिया, पास नहीं किया। उसमें जयराम रमेश जी भी कंट्रोवर्सी में आ गए थे, बाद में इनकी सहमति हुई। बाली के रेजोल्यूशन में कहा गया है कि तकनीकी और वित्तीय सहायता अगर मिले तो भारत सांझा रणनीति में आम सहमति के आधार पर बराबरी का हिस्सेदार हो सकता है। क्या तकनीकी सहायता है, जो कोयला आधारित उद्योगों पर कार्बनडायक्साइड छोड़ा जा रहा है, उसे फिल्टर करने के लिए नयी टैक्नोलॉजी लगे।

महोदया, डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी ने ठीक ही कहा है कि क्या हम बाजार बनना चाहते हैं? जलवायु परिवर्तन के नाम पर अमेरिका और यूरोप हमें बाजार बनाना चाहते हैं। वे कह रहे हैं कि कार्बनडाई ऑक्साइड ज्यादा पैदा न करो, जो पैदा हो रही है, उसे फिल्टर करो, फिल्टर करने के लिए हमारी टैक्नौलौजी लो और बाजार बन जाओ। इसलिए मैं सबसे पहले आपसे अपेक्षा करूंगा कि आप ऐसा कोई कदम न उठाएं जिससे हम बाजार बन जाएं।

महोदया, जलवायु परिवर्तन से जो खतरा है, वह हमारे यहां भी है। हमारे यहां भी बेमौसम बाढ़ और सूखा पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जिन खतरों को वैज्ञानिकों ने बताया है, उसमें अनेक कारण दिए गए हैं। उनका कहना है कि जलवायु परिवर्तन के लक्षण होंगे- समुद्र का स्तर बढ़ना, जल चक्र अर्थात् वर्षा चक्र में गड़बड़ी। यह गड़बड़ी भारत में हो रही है। अगला लक्षण- ऊमस का बढ़ना। यह व्याप्त है। मौसम चक्र की प्राकृति समयावधि में फेर-बदल अथवा आगमन व प्रस्थान में परिवर्तन। बाढ़, सूखा, तूफान तथा चक्रवात आदि प्राकृति घटनाओं और आपदाओं का घटित होना अथवा पुनरावृति होना। वनों व घासों के उगने में परिवर्तन होना, विलम्ब होना या अनावश्यक फेर-बदल होना। वनों में ज्यादा आग लगना। ताजा व मीठे पानी के साथ-साथ कृषि पैदावार में कमी होना। मरुस्थलीकरण की सम्भावना तीव्रतर होना और नाना प्रकार की बीमारियों का लक्षण होना या नाना प्रकार की बीमारियों का पैदा होना। यह सिर्फ ग्लोबल है। यह सिर्फ वैश्विक समस्या है, लेकिन हमारे यहां भी स्थिति में परिवर्तन हो रहा है।

महोदया, ग्लेशियर पिघलने की बात बहुत लोग करते हैं। हिमालय के ग्लेशियर पिघलने से समुद्र का जलस्तर बढ़ेगा। ग्लेशियर पिघल रहा है, लेकिन आज अखबार में अंटार्कटिका के बारे में एक रिपोर्ट छपी है। अब तक वैज्ञानिकों ने कहा था कि अंटार्कटिका पिघल रहा है, लेकिन जो मौसम में परिवर्तन हुआ है, उसके कारण अंटार्कटिका में पश्चिमी हवा चल रही है। उससे उसका पिघलना रुक गया है। इस प्रकार देखें, तो जो वैज्ञानिकों का दृष्टिकोण है, उसमें समयचक्र के अनुसार परिवर्तन होता रहता है।

**15.58 hrs.**

(Shri Basudeb Acharia *in the Chair*)

सभापति महोदय, मैं सरकार से मांग करूंगा कि जब विश्व-मंच पर जाएं, तो अपने हितों का ध्यान रखें। हमारे मन में पहले गैट और डब्ल्यू.टी.ओ. के बारे में संशय था, भय था कि हम बाजार बन जाएंगे, लेकिन हम बाजार नहीं बने। उसी प्रकार जलवायु परिवर्तन के मामले में, अमेरिका की शर्त पर हमें समझौता नहीं करना पड़े, इस बात को सरकार को देखना चाहिए। माननीय मंत्री जी जानते होंगे कि इस बारे में संसदीय प्रतिनिधि मंडल की एक टीम बनी है। इसके लिए कोपेनहेगन में संभवतः प्रधानमंत्री, माननीय मंत्री जी हैं और कुछ माननीय सदस्यों की एक टीम भी जाने वाली है। इस बारे में सारे देश में जो प्रचार चल रहा है और वह इतना भयावह चल रहा है जिसे देखकर लगता है कि भारत मिट जाएगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस दुप्रचार को भारत सरकार को रोकना चाहिए। जलवायु परिवर्तन हमारी समस्या है, लेकिन हमारी समस्या गरीबी मिटाना, बेकारी मिटाना, विकास की रफ्तार को तेज करना, बिजली के उत्पादन को बढ़ाकर प्रति व्यक्ति खपत को बढ़ाना, विकासशील देश होने के नाते हमें दुनिया की अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनना। इस पर हमें कोई समझौता नहीं करना चाहिए।

सभापति महोदय, इन्हीं बातों के साथ, मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान पुनः एक बार आकर्षित करना चाहूंगा कि आप ज्ञानी हैं, विज्ञानी हैं, आप में हिम्मत और समझदारी है। अगर भारत के हितों के साथ कोई समझौता हुआ, तो देश की जनता आप लोगों को माफ नहीं करेगी। हम विकास के मामले में कोई समझौता नहीं करेंगे और जलवायु परिवर्तन के खतरों का सामना करते हुए आगे बढ़ेंगे। इन्हीं बातों के साथ, आपको समय देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. KAKOLI GHOSH DASTIDAR (BARASAT): Mr. Chairman, Sir, I rise to participate in the discussion on the global climate change. At the outset, I do so with a very heavy heart because mother earth is in danger. The earth that was formed millions of years ago, possibly through the big bang or conglomeration of molecules, not yet decided, is staring at the face of the Third World War.

**16.00 hrs.**

The third world war is going to be fought shortly, may be in our lifetime, because of shortage of water. Water for farmers used for farming, water for industry, water for livestock, and water for human consumption is going to be in such shortage that countries particularly of the African Continent and others are going to be engaging themselves in this ravaging war. Who is going to stop it? Is it the developed world who were watching quietly when enormous heat was being produced and Hiroshima and Nagasaki were burning? When nuclear fission and nuclear fusion were causing mutations, chromosomal deletions and aberrations, the so-called developed world was watching. Enormous heat was being produced. This heat was being absorbed by mother nature. Mother nature is very patient but now we are getting it back.

Mother nature is giving it back to us, when we are suffering because of the rising level of the carbon dioxide in the atmosphere. Holes are being formed in the ozone layer. This carbon dioxide layer is engulfing the atmosphere in such a fashion that the temperature that is rising out of industry cannot escape; radiation is being stopped. Eventually, possibly, the world will see a rise of global temperature up to four to five degrees, which is going to be very high. Humans possibly might not survive. We do not know whether intracellular vesicle formation is going to cause cell lysis; whether more malignant patients are going to come up; whether there are going to be chromosomal abnormalities in the paddies that we grow, in the wheat that we grow, in the livestock; whether the milk supply of the cows and buffalos that feed the children is going to stop. So the world are in great danger.

We should all work together to come to terms with this new situation, and we should all do it together in the forthcoming meetings that are coming through. We really do not know what had been happening in the previous meetings. One had been held in Geneva also. So what we should now altogether do, have to bring down our lifestyle. India is a country of sages, of hermits, of great wisdom and mythology. We have always been very stringent in our methods. We have always promulgated recycling. We have followed our Father of the Nation, and we have always tried to conserve energy by recycling and using renewable resources. We should pay more attention to the wind, the water, the solar energies, and try to derive our resources from these renewable sources so that we can give some respite to this carbon dioxide that is forming in the atmosphere.

The so-called developed world have been undertaking missions when required, when not required. They have been trying to develop programmes for animals in the jungle when the Third World did not have enough to feed the people. So we should also talk to them regarding what they want to do. As a joke we say that every man who crosses the streets of Manhattan every morning splashes on himself after-shave lotion worth five dollars. I do not think they are going to try and come away from these methods, these lifestyle patterns that they have developed for so long. We have to take care of the incidents that have plagued the world in the past few years, in the decades.

Look at Russia. They did not even know how they were dealing with their nuclear fusions, nuclear fissions, and the waste. That is why, Chernobyl has occurred. We do not even know where the waste of the Chernobyl is dug and buried and how it is affecting the nation, the world and us. We should all get together and try to prevent these calamities.

West Bengal has seen Aila, in which thousands were rendered homeless; thousand homes were broken down. The seacoast is being washed away. We have seen Tsunami in which holidayers, honey-mooning couples and little children were washed away by the wrath of the nature in an instant. We have to take care of it. I think that the scientists should all get together and try to take care of it. The particular mention that I want to make is that in West Bengal, we have the Sundarbans. The Royal Bengal Tigers are not available anywhere in the world. They are precious species. They are going to be extinct. There are hundreds of islands; 54 islands are being inhabited by 45 lakhs of people. In the last Aila, some of the islands were washed away. Forty-five lakhs of people are going to be washed away. All the islands of the Sundarbans are going to be inundated and submerged in water because of this global warming.

This is a very serious subject. I wish to draw the attention of this august House that the world should sit up and do something very seriously. But on the other hand, we cannot down all our developmental projects because India is a nation of hermits, sages and mythology. We have been following paths in which we have suffered. But the time has come when we have to feed our people. India, the great nation, is not at the dearth of knowledge, is not at the dearth of industrious and laborious citizens. We have to take up from here and continue with our developmental process, the infrastructure required to bring down the carbon dioxide emission will take some time. The developed world has done it. We also will develop that infrastructure. Here we are suffering, and we are at the receiving end of what they are emitting. So, we have to have our share of time in development. Our nation will surge forward towards development. We will develop the infrastructure by which we can cut down the carbon dioxide emission. That will take time. So, we cannot take the order of any other nation as far as our developmental projects are concerned.

We will carry on with our projects. Those countries that have been emitting more carbon dioxide than our nation in the past decades will have to show us the path, will have to take forward this kind of a movement in which we can save the world altogether.

SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): Mr. Chairman, Sir, this discussion on climate change is being held in the context of the forthcoming global Summit on climate change in Copenhagen.

Sir, I think, this is an important discussion and this will enable the Government to take the sense of this House before going to Copenhagen for negotiations.

Sir, this climate change will be the single largest threat to the existence of humanity. Alarm bells have already been raised. The IPCC has pointed out that Green House Gas emissions and Green House Gas concentrations are approaching such levels beyond which devastating climate changes could occur. There will be erratic rainfalls, frequent floods and droughts, rise in sea levels, and devastating cyclones.

Sea levels have already started rising. Scientists have pointed out that sea levels of Maldives have risen by eight inches in the last 100 years. Sir, India is also vulnerable to these changes. India will be one of the worst affected regions. Scientists have pointed out that the North West Himalayas has become warmer by 1.4 degree Celsius in the last 100 years.

Drastic changes will occur in our lifeline, the Monsoon. The rivers may dry up; the rivers may even disappear in the long run.

Sir, there is an apprehension that there will be a sharp decline in our food production and millions of people may go starving. When this global warming and climate change is affecting the entire humanity, it will be the poor who are going to bear the burden of this climate change. According to an international study, by the year 2015, 375 million people, majority of them from the developing world including India, are going to be affected by this global warming and climate change. The year 2015 is just six years away.

Who is responsible for this kind of a situation? Is it the developing nations? The developed countries have been responsible for 72 per cent of Greenhouse gas emissions between 1952 and 2000. Our *per capita* emission is only 1.1 tonne as against 20.1 tonne of the United States. So, it is clear that the developed nations are responsible for this kind of a situation. This kind of a situation has been created because of the illegal appropriation and mindless exploitation of natural resources and global commons. Global commons include the global carbon space. Seventy-five per cent of this global carbon space has been occupied by the developed countries though their share in the world population is only 20 per cent.

Now, I would like to deal with some of the policy issues. There is much talk about flexibility, which our hon. Minister of Environment and Forests, Shri Jairam Rameshji is appearing to be targeting widely. I would like to know what is the basic minimum, non-negotiable minimum of India in the forthcoming Copenhagen negotiations. To what extent will this flexibility lead to? To what extent this will change our positions? Our minimum should be clear.

First of all, the developed countries must begin to cut drastically their Greenhouse gas emissions. I feel that there is no flexibility on this question. I hope that the hon. Minister will clarify whether there will be flexibility on the question of demanding more drastic cuts from the developed countries. I would not go into the details because of time constraint.

Sir, the developed countries want to erase the distinction between the developing and the developed countries. The distinction between the developing and developed countries, as far as this climate change negotiations are concerned, is

fundamental. The Kyoto Protocol United Nations Framework has underlined the common but differentiated responsibilities. So, the developed countries should make drastic reduction in their emissions. According to this principle, the developing countries need only voluntary actions. The developing countries are not responsible for the global warming and they cannot be treated identically with the developed countries in this regard.

So, it is in this background that I would like to ask the hon. Minister as to why he has promised that our NAMA and NAMOS will be available for international consultations.

What is the basis for making such kind of a promise? Another thing on which I would like to seek a clarification is regarding the contradictory statements of the hon. Prime Minister and hon. Minister of State for Environment and Forests. The Prime Minister has stated that our per capita emissions will not exceed the per capita emissions of developed countries. It is a well-known statement from the Prime Minister. But subsequently we have seen a statement modifying the statement of the Prime Minister by hon. Jairam Ramesh Ji. The hon. Minister has stated that our per capita emissions will stay below the per capita emissions of developed countries. I feel that these contradictory statements, especially the statement made by hon. Jairam Ramesh Ji opens our position or opens our policy to needless pressure and bargaining by the developed countries. So, I think that there cannot be any flexibility on this question.

Another aspect that I would like to highlight is regarding the unilateral action on the part of the Government of India. Our Minister is more enthusiastic in announcing unilateral action. Global warming and climate change is a global phenomenon. So, our unilateral actions will not help us from escaping the impact of global warming and climate change. It is tantamount to gifting away our carbon space.

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): Sir, I am concluding in 3-4 minutes.

Now, it is suggested that India may also cut emissions. Numbers like 20-25 per cent are being thrown around. Where do these numbers appear from? Where do these numbers come from?

I would like to remind the hon. Minister that, yes, of course, India is a great nation but India is not a carbon super power. So, our policy should be based on this sober reality.

Another critical issue is regarding the market driven solutions. Developed countries are forcing purely market-driven solutions. What will be our position to these market-driven solutions? The Government is also enthusiastically talking about carbon trade, especially through carbon offsets of CDM under the Kyoto Protocol. This carbon offset, carbon trading is equivalent to selling our carbon space cheaply at the going market prices. So, we should not allow the developed countries to meet their emission reduction commitments through offsets nor should we accept these carbon offsets as a means of meeting financial commitment to the poorer countries. So, I would like to know the position of the Government on this issue.

MR. CHAIRMAN: Please conclude now.

SHRI M.B. RAJESH : I am concluding. I am coming to the last point.

Despite confusions in our evolving climate policy, the Prime Minister has reiterated the basic minimum that India will insist on at Copenhagen, especially the question of an equitable burden-sharing arrangement firmly within the boundaries set by the Kyoto Protocol, UN Framework and also Bali Action Plan. So, we should stand firmly with China, Brazil, South Africa and other G-77 countries. I do hope that the Government of India will stand with the G-77 countries. But at the same time, I recall with great concern the experience of WTO/GATT negotiations when India deviated from the G-77 positions more than a decade ago.

The Copenhagen negotiation on climate change is deeply connected with the equitable, sustainable and prosperous future for a great majority of people in the world and also a great majority of people in this country. Therefore, the Government has the foremost responsibility of protecting the interest of poor people and the interest of the country in the Copenhagen negotiations. I hope that the Government will keep the promise given to the people.

Sir I may be allowed to lay rest of my speech..

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, those who want to lay their written speeches may lay their written speeches on the Table of the House.

***SHRI M.B. RAJESH :** This discussion on Climate Change is being held at an important juncture. We are heading for a Global Summit on Climate Change in Copenhagen. The phenomenon of Climate Change has already started affecting the world as a whole. It is an issue which has already started affecting the entire earth. The single largest threat to the existence of humanity will not be anything but the catastrophic effects of Global Warming and Climate Change.

The alarm bells have already been raised. The IPCC has pointed out that the concentration of GHGs in the atmosphere is rapidly approaching levels beyond which devastating Climate Changes could occur. There will be erratic and unseasonal rainfalls, frequent and severe floods, drought and devastating cyclones. It is feared that land will go under the sea following the melting of ice masses. Sea levels in Maldives have already risen by eight inches due to ice melt.

India is likely to be among one of the worst affected regions. Indian scientists have found that North Western Himalayas has become 1.4 degree Celsius warmer in the last 100 years, a far higher level of warming than the 0.5 to 1.1 degree Celsius for the rest of the Globe. There will be drastic changes in our lifeline, monsoon . Rivers may dry up and even disappear. These changes will badly affect our agriculture and crop behavior. Sharp drop in food grain production will affect the food security and the livelihood of millions of people.

---

* Speech was laid on the Table.

Though the Climate Change is a threat which is affecting the entire humanity, the poor will have to bear the greater burden. According to a study by an international organization, by 2015, Global warming will adversely affect an estimated 375 million people, the majority of them from developing countries including India. That is six years away Sir.

Who is responsible for this kind of a situation? The developed countries have been responsible for almost 72% of the emissions between 1950 and 2000. Our per capita CO2 emission is only 1.1 tonne as against 20.1 of United States.

I don't want to go into further details. Sir, this kind of a situation has been caused by the illegal appropriation and mindless exploitation of global commons by the developed countries.

There is a global "carbon space" and this is like a Global resource. Unfortunately the developed countries have already taken an overwhelming share, roughly 75% of the Common Carbon Space that has been occupied so far, even though their share of the world population is only 20%. Sir, the important issue relating to the Global warming and the question of development is that, the developing countries are in dire need of Carbon space. Despite the progress of science and

technology, the developing countries cannot undertake the task of development without creating emissions of CO2 and other Green House Gases.

The first great difficulty in the climate change negotiations is to pressure the developed countries to give us and other developing countries a fair share of the remaining carbon space. And fair share can only mean a division of the carbon space equitably in proportion to the population of each nation. The second great difficulty is to ensure that the developed countries compensate the developing world, in terms of both finance and technology for the common carbon space that they have unfairly occupied.

There is much talk of flexibility in climate change negotiations, which our Minister for Environment and Forests appears to be propagating widely. Ahead of Copenhagen we need to ensure that, as a nation, we fully understand, and of course this means that Parliament understands and ensures, what is the basic non-negotiable minimum for India at the negotiations. Flexibility cannot mean that we give in to all the demands of the developed countries and they escape their responsibilities.

Our minimum therefore should be clear :

First, the developed countries must begin to cut their emissions drastically, in line with the scientific recommendations of the IPCC. We cannot be flexible on this question. Despite the enthusiasm of the global corporate media, what the United States has offered so far is a pittance, a flea-bite, compared to what they need to do. The US tries to fool the world by saying it is reducing by 17% below 2005 emissions. Actually they have been steadily increasing their annual emissions between 1990 and 2005. What the US has offered is actually a reduction of 4% below 1990 levels by 2020 of annual emissions. But scientists have made it clear that countries like the US should reduce to 40% below 1990 levels by 2020. So on this question, of drastic reductions by developed countries there can be no flexibility.

Second, the developed countries want to erase the distinction between the developing world and developed countries. They are trying to do this in many ways; even through all kinds of clever tricks, like common schedules or registries, or a single document in which all countries will put down their commitments. These commitments will then become binding on all signatories in one way or the other. There are not simply technical niceties or simply theological objections as our Minister refers to them.

The distinction between the developed and developing countries on the issue of global warming is fundamental. The Kyoto Protocol and the UNFCCC are very clear on this. Under the principle of "common and differentiated responsibilities and respective capabilities" it is very clear that developed countries should make drastic reductions in greenhouse gas emissions. Developing countries need make only voluntary actions to fulfill their share in safeguarding the world's future. But they do not bear the same responsibility and cannot be treated identically with the developed countries in any way. So India cannot be flexible with any attempt to treat all nations without distinction on this issue.

It is in this background that we would like to ask why has the Minister, Mr. Jairam Ramesh, promised that India's domestically undertaken Nationally Appropriate Mitigation Actions (NAMAs) or Nationally Appropriate Mitigation Outcomes (NAMOs) should be available for "international consultations." This is an ambiguous phrase, which, as we know from long experience, the US and the other developed countries will treat as an opportunity to force India to binding commitments.

The Minister has introduced further ambiguity in the same statement by modifying what the Prime Minister had stated earlier. In contrast to the Prime Minister's well-known statement that India's per capita emissions will not "exceed" that of the developed nations, the Minister has stated that India's per capita emissions will stay "below" that of the developed nations. This opens our country's policy to needless pressure and bargaining by the developed nations. This is not flexibility

– this is simply confusion on a critical matter.

But the most serious problem is our Minister's new and special enthusiasm for unilateral actions by India to combat global warming, while at the same time arguing for flexibility. But the special problem in global warming is that unilateral commitments for emission reductions by us alone are of no use. If we voluntarily cut emissions, even if we have the most environmentally sound path of development and yet the developed nations do less than their share – then we will still suffer the consequences of climate change. Such unilateral action will be tantamount to gifting away our carbon space and voluntarily restricting our developmental choices in the future. Of course we recognize that even if the developed nations cut their emissions drastically, developing nations also have a responsibility to do their share. It is better to begun early in this matter rather than delay action. Such initiatives would also enthuse our scientists and engineers and promote a sound environmental and sustainable basis for our development. But while doing this we need to bring even greater pressure to bear on the developed countries, not talk of flexibility.

As the nations of the world ready for Copenhagen, we are happy that a major developing nation like China and others like Brazil or Indonesia, have all demonstrated how seriously developing countries take the question of doing their fair share to combat global warming. We must also tell the world what India is doing and what India can do in the future. But we cannot do such things without careful thought and discussions and democratic consultations across a broad spectrum. Even for the Prime Minister's commitment that our per capita emissions will not exceed that of developed nations, we do not know what is the technical and economic basis for this commitment. The government has not shown the nation any document to justify this.

Even today the government is not undertaking broad consultations. The Government still thinks of global warming as a foreign policy issue rather than a serious development issue. It talks more to foreign delegations than it does to the people, their organizations, political parties and civil society in this country. Now it is suddenly suggested that India may also cut its emissions intensity of GDP and numbers like 20-25% are being thrown around. Where do these numbers appear from?

